वर्ष 24, अंक 148, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 7 दिसंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## आत्मविश्वास से सराबोर भारत, बना वैश्विक अर्थव्यवस्था का 'ग्रोथ इंजन': पीएम का उद्घोष



**नई दिल्ली**

**नरेन्द्र** मोदी ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है, भारत एक अलग लीग में दिखाई दे रहा है। एचटी लीडरशिप समिट में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा है; जब दुनिया आर्थिक सुस्ती की बात करती है, भारत विकास गाथा लिखता है। उन्होंने कहा कि जब विश्व में विश्वास का संकट है, तो भारत भरोसे का स्तंभ है; जब दुनिया टुकड़ों में बंटी है, तो भारत सेतु का काम करता है। प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप ह्यस्कार्इरूटह्न का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने देश में अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार किये हैं, इसके युवा अब नये भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का प्रमुख विकास इंजन बन रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहा परिवर्तन केवल संभावनाओं के बारे में नहीं है। यह बदलते जीवन, विकसित होती मानसिकता और एक नई दिशा में बढ़ते राष्ट्र की सच्ची कहानी है। आज हमारे संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस भी है। मैं सभी भारतीयों की ओर से उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। मोदी ने कहा कि आज हम ऐसे दौर में खड़े हैं जब इक्कीसवीं सदी का एक-चौथाई हिस्सा बीत चुका है। इन पच्चीस वर्षों में, दुनिया ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। इसने वित्तीय संकट देखे हैं। इसने एक वैश्विक महामारी का सामना किया है। इनमें से प्रत्येक स्थिति ने किसी न किसी रूप में वैश्विक समुदाय के लिए चुनौती पेश की है। अनिश्चितता के माहौल के बीच, हमारा राष्ट्र अपनी अलग पहचान बना रहा है। भारत गहरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की दूसरी तिमाही की 8.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का उल्लेख किया और कहा कि भारत विश्वास के स्तंभ के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा, "जब दुनिया मंदी की बात करती है, तब भारत विकास की गाथा लिख रहा है।

जब दुनिया विश्वास के संकट से जूझ रही है, तब भारत विश्वास का स्तंभ बनकर उभर रहा है। जब दुनिया विखंडन की ओर बढ़ रही है, तब भारत एक सेतु का काम कर रहा है। भारत के लिए दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आँकड़े आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दशार्ते हैं, जो हमारी प्रगति में एक नई गति को दशार्ता है।"

## 7 दिसंबर तक रिफंड-क्लियर करो, 48 घंटे में सामान घर पहुंचाओ

### वरना होगी सख्त कार्रवाई, सरकार की लास्ट वॉर्निंग



**नई दिल्ली**

**नागरिक** उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को सभी घरेलू इकोनॉमी क्लास उड़ानों के लिए अधिकतम किराया सीमा को सख्त कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि इंडिगो के परिचालन संकट के कारण कई दिनों से चल रही बड़ी संख्या में उड़ानों के रद्द होने और क्षमता की कमी के बाद यात्रियों की सुरक्षा के लिए यह कदम जरूरी था। नई किराया सीमाएँ तुरंत प्रभाव से दूरी के आधार पर लागू होंगी।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो को अगले 48 घंटों के भीतर उड़ान रद्द या देरी के कारण अलग किए गए सभी यात्रियों के सामान का पता लगाने और डिलीवरी करने का भी आदेश दिया। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने एयरलाइन को 7 दिसंबर की रात 8 बजे तक बाधित या रद्द उड़ानों के सभी लंबित रिफंड का भुगतान करने का भी निर्देश दिया। मंत्रालय ने इंडिगो को प्रभावित यात्रियों से कोई पुनर्निर्धारण शुल्क नहीं लेने और यात्रियों की सक्रिय सहायता के लिए समर्पित सहायता और रिफंड सुविधा प्रकोष्ठ स्थापित करने का निर्देश दिया। एयरलाइनों को सामान की ट्रैकिंग और डिलीवरी के संबंध में स्पष्ट संचार बनाए रखने और जहाँ लागू हो, मुआवजा प्रदान करने के लिए कहा गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने वरिष्ठ नागरिकों, विकलांग व्यक्तियों, छात्रों और तत्काल चिकित्सा यात्रा वाले यात्रियों के लिए सुचारू सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मजबूत निगरानी पर जोर दिया, जबकि पूर्ण परिचालन सामान्यता बहाल करने के प्रयास जारी हैं।

इंडिगो ने रद्दीकरण और पुनर्निर्धारण शुल्क माफ किया

जैसे-जैसे संकट गहराता गया, इंडिगो ने 5 से 15 दिसंबर 2025 के बीच यात्रा के लिए रद्दीकरण और पुनर्निर्धारण शुल्क पर पूरी छूट की घोषणा की। एयरलाइन ने कहा कि रिफंड स्वचालित रूप से मूल भुगतान विधि में संसाधित हो जाएगा, यात्रियों को कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं होगी। इस उपाय का उद्देश्य बड़े पैमाने पर व्यवधानों के जारी रहने के दौरान "अधिकतम लचीलापन" प्रदान करना है।

## देहरादून में हंगामा, हरक सिंह रावत की टिप्पणी पर सिख समाज का आक्रोश

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** के पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत द्वारा सिख समुदाय के प्रति कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के बाद राजधानी देहरादून में विरोध की लहर उठ खड़ी हुई है. शनिवार को सिख समाज से जुड़े लोगों ने घंटाघर चौक पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए हरक सिंह रावत का पुतला दहन किया और कड़ी नाराजगी जताई.

विवाद की शुरूआत शुक्रवार को हुई, जब हरक सिंह रावत हरिद्वार रोड स्थित धरनास्थल पर वकीलों की हड़ताल का समर्थन करने पहुंचे थे. इसी दौरान एक सिख वकील के खड़े होने पर हरक सिंह रावत ने उन्हें बैठने के लिए कहा. उपस्थित कुछ लोगों ने इसे सिख समुदाय के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी के रूप में लिया, जिसके बाद माहौल गरमा गया और धरनास्थल पर हंगामा शुरू हो गया. बढ़ते विवाद को देखते हुए हरक सिंह रावत को माफी मांगनी पड़ी और वे तुरंत धरनास्थल छोड़कर चले गए.

हरक सिंह रावत ने मांगी माफी

शाम को हरक सिंह रावत जिला अदालत परिसर स्थित बार एसोसिएशन कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने वकीलों के सामने अपना पक्ष रखा.

उन्होंने कहा कि उनकी किसी भी टिप्पणी का मकसद किसी व्यक्ति या समुदाय की भावनाओं को आहत करना नहीं था।

## राष्ट्रीय शर्म की बात है...

### 16 साल से पेंडिंग एसिड अटैक केस पर SC ने किसे सुनाया



**नई दिल्ली**

**एसिड** अटैक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 16 साल से अधिक की इस देरी पर आश्चर्य जताया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि अपराध 2009 का है और ट्रायल अभी तक पूरा नहीं हुआ। अगर राष्ट्रीय राजधानी ऐसी चुनौतियों से नहीं निपट सकती, तो कौन निपटेगा? यह सिस्टम के लिए शर्म की बात है! चीफ जस्टिस ने सभी हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को उनके क्षेत्राधिकार में पेंडिंग एसिड अटैक मामलों का डेटा चाह हफ्ते में मुहैया कराने का निर्देश दिया। इस मामले में याचिकाकर्ता खुद पीड़ित हैं और व्यक्तिगत तौर पर अदालत में पेश हुई। उन्होंने कहा कि 2013 तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। ट्रायल रोहिणी कोर्ट में चल रहा है और अब आखिरी स्टेज पर है।

गंभीर मामलों में दिव्यांगों जैसे अधिकार मिलें

यह भी मामला अदालत में उठा कि एसिड फेंका ही नहीं जाता बल्कि पीड़ित को जबरन पिलाया भी जाता है। ऐसे पीड़ितों को लंबी अवधि की गंभीर अक्षमता का सामना करना पड़ता है। कई चल भी नहीं सकते, और आर्टिफिशल फीडिंग ट्यूब पर निर्भर रहते हैं। वर्तमान याचिका ऐसे ही पीड़ितों से संबंधित एक जनहित याचिका है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ऐसे मामलों को दिव्यांग अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत 'दिव्यांगता' माना जाना चाहिए।

## रूस में फैलेगा पतंजलि का साम्राज्य




**नई दिल्ली**

पतंजलि समूह और रूस सरकार के बीच दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। पतंजलि समूह की ओर से स्वामी रामदेव और भारत-रूस व्यापार परिषद के अध्यक्ष एवं रूसी वाणिज्य मंत्री सर्गेई चेरेमिन ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, योग, आयुर्वेद, आध्यात्मिक आदान-प्रदान और कुशल श्रम गतिशीलता के क्षेत्र में सहयोग को गहरा करना है।

स्वामी रामदेव ने जोर देकर कहा कि यह समझौता पूरे रूस में पतंजलि की स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर केंद्रित होगा। इसमें बढ़ती उम्र को रोकने और गंभीर बीमारियों का पहले से पता लगाने के उद्देश्य से अत्याधुनिक स्वास्थ्य तकनीकों की खोज हेतु सहयोगात्मक अनुसंधान की परिकल्पना की गई है। इस समझौता ज्ञापन में योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने को प्राथमिकता दी गई है, जो पहले से ही रूसी नागरिकों के बीच लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं।

इस समझौता ज्ञापन का एक प्रमुख स्तंभ योग, आयुर्वेद और प्राचीन परंपराओं के भारत के समृद्ध ज्ञान को रूस के साथ साझा करके आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करना है। इस पहल में सांस्कृतिक आदान-प्रदान और भारत की ऋषि परंपराओं को रूसी समाज तक पहुँचाना, आपसी समझ और सद्भावना को बढ़ाना शामिल होगा। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत, पतंजलि ने 2,00,000 से ज्यादा लोगों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है और अब रूस को कुशल योगियों और प्रशिक्षित श्रमिकों की आपूर्ति करेगा। इस समझौता ज्ञापन में रूस में अग्रणी भारतीय ब्रांडों को बढ़ावा देना और रूसी ब्रांडों को भारत लाना भी शामिल है।

## 'कश्मीरी मुसलमान आतंकवादी नहीं'- सीएम अब्दुल्ला




**जम्मू-कश्मीर**

**जम्मू-कश्मीर** के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को जोर देकर कहा कि आतंकी हमलों के बाद पूरे समुदाय को एक ही चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। नई दिल्ली में हिंदुस्तान लीडरशिप समिट 2025 में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कश्मीरी दिल्ली में हुए हमले से उतने ही परेशान हैं जितने पहलगाम को लेकर थे। अब्दुल्ला ने कहा कि सभी कश्मीरी मुसलमान आतंकवादी नहीं हैं। सभी आतंकवाद का समर्थन नहीं करते। दरअसल, वे एक बहुत ही छोटी अल्पसंख्यक आबादी हैं जो ऐसा करती है। उन्होंने वर्ष 2025 को जम्मू-कश्मीर के लिए किसी भी पैमाने पर कठिन बताया। इस संदर्भ में उन्होंने बैसरन (पहलगाम) में हुए हमले और दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट का ज़िक्र किया, जो जम्मू-कश्मीर में रची गई एक साज़िश का नतीजा थे।

उन्होंने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में) ज्यादातर लोग वही हैं जिन्हें आपने बैसरन (पहलगाम) में हुए हमले के बाद सड़कों पर देखा था। उन्होंने उस हमले के खिलाफ मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन का ज़िक्र किया जिसमें उस पर्यटन स्थल पर दो दर्जन से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी।

उन्होंने कहा कि ये वो लोग हैं जो कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में हैं... जो अलग-अलग इलाकों में ईमानदारी से रोजी-रोटी कमाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अफसोस जताया कि अप्रैल में पहलगाम हमले ने केंद्र शासित प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से बदल दिया। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था कभी भी विशेष रूप से मजबूत नहीं रही है। दुर्भाग्य से इस तरह की परिस्थितियाँ इसे और भी कठिन बना देती हैं।

## चुनावी नतीजों समेत कई मुद्दों पर खुलकर बोले तेजस्वी यादव

### 'बिहार में एनडीए जीता, लोकतंत्र हारा'

**बिहार**

**बिहार** विधानसभा चुनाव में आए नतीजों समेत कई मुद्दों पर तेजस्वी यादव ने खुलकर अपनी बात रखी है. चुनाव में आरजेडी की हार के कारणों पर चर्चा करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रदेश में एनडीए की जीत हुई है लेकिन लोकतंत्र हार गया.

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार है लेकिन एक शुगर मिल तक चालू नहीं करा पाए. उन्होंने दावा करते हुए ये भी कहा कि बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा था. सरकार के प्रति लोगों का गुस्सा था. वो नहीं चाहते थे कि एनडीए की सरकार दोबारा बने.

उन्होंने दावा करते हुए कहा, लोग ऐसा बिहार चाहते थे जहां पढ़ाई, कमाई, दवाई, सिंचाई, सुनवाई और कार्रवाई वाली सरकार हो. लोकतंत्र हारा है और मशीनरी जीती है. इस चुनाव में उनलोगों ने कोई भी चीज छोड़ा नहीं. हमारा जो विजन था. उन सारी चीजों को सरकार ने इंप्लीमेंट किया. 20 साल से इनको याद नहीं आ रहा था कि 400 से पेंशन बढ़ाना है. जब हमने कहा तो इनलोगों ने उसे लागू किया.

हमारी हार को कोई भी हजम नहीं कर रहा-



तेजस्वी यादव

कपिल सिब्बल के साथ एक इंटरव्यू के दौरान तेजस्वी यादव से पूछा गया कि 2020 में आरजेडी की 75 सीटें आईं थी लेकिन इस बार महज 25 सीटें क्यों आईं? इस पर उन्होंने कहा, "इस बात को कोई भी हजम नहीं कर रहा है. खास तौर से बिहार की जनता से भी बात की जाए तो उन्हें भी ये बात नहीं पच रही. बीजेपी, जेडीयू या सत्ता पक्ष के विधायक भी जो चुनाव जीते हैं वो भी विश्वास नहीं कर रहे हैं. चुनाव आचार संहिता के 10 दिन पहले 10-10 हजार रुपये बांटे गए. वैसे अलग-अलग योजनाओं में करीब 40 हजार करोड़ रुपये पूरे बिहार में सीधे बांटे गए. आप ये कह सकते हैं कि रिश्वत दी गई है."

पूरे चुनाव में बेरोजगारी असल मुद्दा था- तेजस्वी यादव

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम ने आगे कहा, "आपने बिहार का जिक्र किया. बिहार सबसे गरीब राज्य है, यहां कोई उद्योग और कारखाना नहीं है।

## बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर सीएम योगी का बड़ा बयान

### आज का दिन बेहद खास है क्योंकि आज ही के दिन विवादित ढांचा हटाया गया

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में बाबरी मस्जिद की बरसी के मौके पर बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि आज का दिन बेहद खास है क्योंकि आज ही के दिन विवादित ढांचा हटाया गया था.

दरअसल एक कार्यक्रम में उनसे सवाल किया गया था कि नारा दिया जाता है कि 'अभी अयोध्या की बारी है, काशी मथुरा बाकी है' क्या अब मथुरा की बारी है? तो इसके जवाब में सीएम योगी ने कहा कि हम सभी जगह पहुंचेंगे और पहुंच चुके हैं.

एचटी के खास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विरासत पर किसी भी समाज को गौरव होना चाहिए. अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने पर सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद देते हुए कहा कि सीएम योगी बोले सभी ने उस फैसले को स्वीकारा और आज का दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है. आज ही के दिन ही वह विवादित ढांचा हटाया गया था. एक कलंक हटा और एक विरासत की पुनर्स्थापना का कार्य हुआ.

सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद

सीएम योगी ने राम मंदिर निर्माण के लिए सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के शुक्रगुजार हैं, जिसने पेश किए गए फैक्ट्स और सबूतों की एकमत से समीक्षा की और फैसला सुनाया. यह भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत है कि सभी ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को माना. उन्होंने कहा कि निमित्त जो भी बना हो लेकिन आज आने वाले पीढ़ी के लिए देश के विकास के लिए यह अभियान एक उदहारण बनेगा.



छिड़ सकती है नई बहस

सीएम योगी का काशी-मथुरा को लेकर कहा गया कि ह्यपहुंचेगे और पहुंच चुके हैं. देश की राजनीति में नई बहस छेड़ सकता है. वाराणसी और मथुरा दोनों विवादित स्थलों का मामला कोर्ट में है.

इस तरह की व्याख्या ने बीजेपी और उसके भीतर संघ की दृष्टि को सामने रख दिया है।

## बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर सीएम योगी ने किया मोहम्मद अली जौहर का जिक्र

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार (6 दिसंबर) को भीमराव आंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि के मौके पर उनके एक बयान को याद किया. उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने एक बार कहा था कि ह्लजो व्यक्ति भारत की धरती पर पैदा हुआ है, भारत की सुविधाओं का इस्तेमाल करता है, फिर भी भारत की धरती को अपवित्र मानता है, उसकी बातें कभी भी भारतीयों के हित में नहीं हो सकतीं.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जाहिर तौर पर खिलाफत आंदोलन की प्रमुख हस्ती मौलाना मोहम्मद अली जौहर का जिक्र कर रहे थे, जिन्होंने 1931 में यरूशलम में मृत्यु की इच्छा जताई थी.

परिनिर्वाण दिवस पर किया संबोधित

लखनऊ में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के 'महापरिनिर्वाण दिवस' (पुण्यतिथि) कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, ह्लबाबासाहेब आंबेडकर ने उस समय हमें उन सभी खतरों से आगाह किया था. याद रखें, उस समय 1923 में एक प्रमुख नेता ने कांग्रेस अध्यक्ष पद पर रहते हुए वंदे मातरम गाने से इनकार कर दिया था. मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उनके जीवन आखिरी पल आए, तो उन्होंने यरूशलम में मृत्यु की इच्छा जताई.

सीएम योगी ने कहा, उस समय बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने एक बयान दिया था कि जो व्यक्ति भारत की धरती पर पैदा हुआ है, भारत की सुविधाओं का इस्तेमाल करता है, फिर भी भारत की धरती को अपवित्र मानता है, उस व्यक्ति की बातें कभी भी भारतीयों के हित में नहीं हो सकतीं.ह्न

तुष्टिकरण की नीति की आलोचना

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से जो लोग तुष्टीकरण की नीति पर चल रहे हैं, वे न केवल भारत को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का भी अपमान कर रहे हैं. यूपी के सीएम ने कहा, उनके प्रयासों का एक हिस्सा देशवासियों को उनकी सुविधाओं से वंचित करना भी है।

# स्कूल जा रहे छात्र की ट्रेन से कटकर मौत, परिवार में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के बाऊल का डेरा मुंगारी गांव के 14 वर्षीय लवकुश यादव पुत्र होरीलाल की शनिवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। लवकुश प्रतिदिन की तरह सुबह करछना स्थित अपने स्कूल के लिए निकला था, लेकिन देर होने की वजह से उसने ओवरब्रिज न लेते हुए नीचे बने संकरे रास्ते से पटरी पार करने का फैसला किया।जैसे ही वह साइकिल लेकर रेलवे लाइन पार करने लगा, साइकिल का पहिया अचानक पटरी में फंस गया। लवकुश उसे निकालने का प्रयास कर ही रहा था कि उसी बीच तेज रफ्तार ट्रेन आ गई। अचानक हुई स्थिति से वह कुछ समझ पाता, इससे पहले ही ट्रेन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दर्दनाक हादसे को देखकर आसपास के लोग भी दहशत में आ गए।स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिवारजन मौके पर पहुंचे और रोते-बिलखते शव को घर ले आए। सूचना पर पुलिस भी पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की बात कही, लेकिन परिजनों ने साफ मना कर दिया।लवकुश कक्षा छह का छात्र था और दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी असमय मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## युवती का अपहरण एक नामजद सहित तीन अज्ञात पर केस दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में एक यूवती के अपहण मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद तीन अज्ञातों पर केस दर्ज कर यूवती की तलाश में पुलिस जुट गई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की 18 वर्षीय यूवती एक इंटर कालेज में पढती थी। बताया गया है कि चार दिसम्बर को छात्रा सुबह पढने के लिए घर से निकली परन्तु घर वापस नहीं लौटी। छात्रा के पिता ने मऊआइमा थाने में बेटी को अपहरण करने का आरोप लगाते हुए अयान अली पुत्र मोहम्मद युसूफ ग्राम सराय टोडलमल उर्फ दांदूपुर को नामजद करते हुए तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश में जुटी हुई है।

# घर की ओर लौट रहे व्यक्ति को ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर, मौत

**अखंड भारत संदेश**





**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र में रात लगभग 8:00 बजे एक गांव से घर की ओर लौट रहे व्यक्ति को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। अंधेरा होने के कारण गांव के लोगों को देर में लगी दुर्घटना की खबर। तब तक घायल युवक की हो चुकी थी मौत ।

तातारगंज गांव निवासी प्रेम कुमार सेन का बेटा शैलेंद्र कुमार सेन उम्र 37 वर्ष अपने गांव से बाहर सूरबाबा के पास गया हुआ था। रात 8:00 बजे के लगभग अपने घर तातारगंज की तरफ वापस आ रहा था। इसी समय तातारगंज से चिल्ला की तरफ जा रही ट्रक ने उसे टक्कर मार दिया और मौके पर ही शैलेंद्र कुमार गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया । ट्रक वाले ने अंधेरे का फायदा उठा करके मौके से भाग निकला । काफी देर बाद जब गांव के लोग उधर से गुजरे तो दुर्घटना को देखा तथा गांव में उसके घर खबर दिया । गांव के लोगों ने पहुंच करके आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा लेकर पहुंचे। किंतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया ।

बताते चलें कि शैलेंद्र कुमार सेन मुंबई में रहकर के अपने परिवार के भरण पोषण के लिए प्राइवेट नौकरी किया करता था। अभी वह तीन दिन पहले ही गांव वापस आया था । अपने किसी परिचित से मिलने गांव के बाहर सूर बाबा के नाले की तरफ गया हुआ था। जहां वह वापसी में दुर्घटना का शिकार हो गया । घटना की खबर जब घर में पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। वहीं शैलेंद्र कुमार सेन की पत्नी रंजना सेन का रो-रो करके बुरा हाल रहा । शैलेंद्र के पिता प्रेम कुमार सेन ने बताया कि वह अपने किसी रिश्तेदार के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाम्बे से छुट्टी ले करके आया था । उन्होंने यह भी बताया कि शैलेंद्र कुमार के चार बच्चे हैं जिनके भरण पोषण की सारी जिम्मेदारी शैलेंद्र कुमार के ऊपर ही थी ।

**पत्नी का रो रोकर हुआ बुरा हाल**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में पहुंची पत्नी रंजना सेन की रो रोकर बुरा हाल रहा। वह चार बच्चों का हवाला देते हुए अपनी छाती पीटती रही। शैलेन्द्र की बड़ी बेटी सोनम सेन 15 वर्ष, शालिनी 13वर्ष,समय 11 वर्ष व सोनम 9 वर्ष की देखभाल करने वाला अब कोई नहीं रहा।

## चतुर्थ विशाल पर्वतारोहण स्पर्धा आज



**कोरांव।** पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन विकास एवं प्राकृतिक व सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण संवर्धन हेतु जन जागरूकता अभियान के तहत आयोजित चतुर्थ विशाल पर्वतारोहण स्पर्धा रविवार 7 दिसम्बर को कृषक शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज बड़ोखर कोरांव में पुर्वान्ह 10 बजे शुभारम्भ होगा।

उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आधुनिक विकास की आपाधापी में वृक्षों की अंधाधुंध कटाई, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण असंतुलन से जीवन संकटमय हों गया है। वहीं पर्यटन स्थलों तथा प्राकृतिक व सांस्कृतिक धरोहरों की उपेक्षा से धरती का सौन्दर्य भी नष्ट हो रहा है। यही कारण है कि मानव जीवन के साथ ही जीव-जंतु, पशु-पक्षी तथा पेड़ पौधे भी संकटग्रस्त हैं। ऐसे में भावी खतरों से लोगों को आगाह कराने हेतु विगत पाँच वर्षो से ऐसे आयोजन किये जा रहें हैं।आयोजन समिति ने सभी प्रकृति प्रेमियों से कार्यक्रम को सफल बनाने एवं पर्वतारोही बच्चों का उत्साहबर्धन करने की अपील की है।

# दिन रात आपके हर सुख दुःख में उपलब्ध रहूंगा : सांसद उज्ज्वल रमण

### कोरांव क्षेत्र में कई गांवों का किया दौरा, भगेसर में किया कबड्डी प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण



**पसना।** आज सांसद प्रयागराज कुँवर उज्ज्वल रमण सिंह जी अपने लोकसभा क्षेत्र के कोराँव विधानसभा में दौरा करते हुए भगेसर में विशाल कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होकर कई जिलों से आए खिलाडियों का उत्साह वर्धन कर पुरस्कार वितरण किया।इसके पहले दर्जनों परिवारों के दुःखद घटना क्रम में शोक संतप्त पारिवारिक जनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया जिसमें बेलहट,सेमरी, पांडेय का मडहा खिलाड़ी पुरवा नीबी खरिहानी लेडियारी इत्यादि जगहों पर सम्मिलित हुए और पारिवारिक जनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया। रमाकांत सिंह पूर्व प्रधानाचार्य बेद मुनि पांडेय सुभाष कमला शंकर पटेल बबलू कोल शेषमणि पटेल रजोला यादव सिकरो एवं सपा नेता दिनेश पटेल के आवास पर कार्यकताओं से मुलाकात किया। लेडियारी प्रधान रबी सिंह के यहां होकर विशाल कबड्डी प्रतियोगिता कार्यक्रम भगेसर किताब अली के आयोजन में शामिल होकर युवाओ का उत्साह वर्धन करते हुए पुरस्कार वितरण किया।सांसद ने कहा की इस तरह के आयोजन से क्षेत्रीय प्रतिभा को खोजने में मदद मिलती है और लोगों को वड़े प्लेटफार्म पर खेलने का सुनहरा अवसर मिलता है इस आयोजन के लिए आयोजन समिति बधाई की पात्र है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा सांसद के करीबी समाजसेवी सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी किसान नेता ललन पटेल राजेश पांडेय राधेश्याम यादव सूरज यादव मंगला कोल कल्लू पटेल आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे सांसद जी के करीबी समाजसेवी सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी ने कहा की सांसद जी जब से निर्वाचित हुए तब से लगातार अपने क्षेत्र मे भ्रमण करते रहते लोगों के सुख दुःख में सम्मिलित होकर क्षेत्रीय जनता के समस्याओं को सुनकर उसको दूर करने का पूरा प्रयास करते हैं ऐसे सांसद लोकसभा क्षेत्र के हर आदमी से हर वक्त हर परिस्थिति में मिलते रहते हैं और उनको सुनने का काम करते हैं।




### महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि

**करछना।** शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मूल मंत्र मानने वाले और देश के संविधान-शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर करछना में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों, किसानों और कमजोर वर्गों को अधिकार देकर सामाजिक न्याय और समता के आदर्श स्थापित किए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नीति एवं शोध विभाग के प्रदेश सह-संयोजक अंगद सिंह पटेल, घनश्याम मौर्य, सुरेंद्र साहू, राम लखन विश्वकर्मा, अजय कुमार, आदर्श कुमार, दिनेश सिंह पटेल और मंजय श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व और उनके कार्यों की विशालता को रेखांकित करते हुए कहा कि उनका जीवन और संघर्ष हर देशवासी के लिए लोकसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण है। सभी ने उनके सामाजिक न्याय और सशक्त भारत के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# विधायक दीपक पटेल की पहल पर शंकरगढ़ में नाले निर्माण को 199.50 लाख की स्वीकृति

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ की दशकों से चली आ रही जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। वार्ड नंबर 2 चमरौटी टोला और वार्ड नंबर 9 में जल निकासी की स्थिति सुधारने हेतु अब पक्का नाला निर्माण जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

फूलपुर विधायक दीपक पटेल ने 06 जनवरी 2025 को नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा को पत्र लिखकर दोनों वार्डों में नाले निर्माण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए वित्तीय स्वीकृति की मांग की थी। पत्र में उल्लेख किया गया कि शंकरगढ़ नगर पंचायत में सीवरेज और जल निकासी वर्षों से गंभीर समस्या रही है, जिसका समाधान तत्काल जरूरी है।विधायक के अनुरोध पर मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने त्वरित संज्ञान लेते हुए 199.50 लाख की वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किए जाने की पुष्टि की। साथ ही, आगे की आवश्यक कार्यवाही हेतु मामला प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग को भेज दिया गया है। इस स्वीकृति के बाद वार्ड 2 और 9 के हजारों निवासियों को जल्द ही जलभराव की समस्या से छुटकारा मिलने की उम्मीद है। स्थानीय जनता ने विधायक दीपक पटेल के प्रयास को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए आभार व्यक्त किया है।



## भारद्वाज गुरुकुलम में मनाया गया बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस

**सहसों।** भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर में शनिवार को संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर छात्र-छात्राओं द्वारा माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक विनय उपाध्याय ने नमन करते हुए कहा कि अंबेडकर साहब भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री थे। उन्होंने अपने मंत्री रहते हुए देश को अपनी अमूल्य सेवाएं दी। अंबेडकर साहब छुआछूत और धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर लोगों को उनके अधिकार दिलाए और गरीब, वंचित, शोषित लोगों को उनके अधिकार बताएं। अंबेडकर साहब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। जिसे आज भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है। हमको आपको उनके विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिक्षिका सरस्वती कुशवाहा, रेशमा यादव, उर्मिला, शर्मिला कुशवाहा, रुचि यादव, रितिका मिश्रा, गौरव श्रीवास्तव, शुभम यादव सहित छात्र-छात्राएं एवं समस्त कर्मचारी नमन करते उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी की S.I.R से जुड़ी आशंकाओं का निवारण शत प्रतिशत होगा : डॉ० बृजेश कुमार

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** मंडल विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू के नेतृत्व मे एसडीएम की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि डॉ बृजेश कुमार (तहसीलदार करछना) से मिलकर S.I.R में हो रही व्यापक पैमाने अनियमितता से संबंधित ज्ञापन सौपा। प्रतिनिधि मंडल में जिला महासचिव इजी० जगदीश यादव, जिला उपाध्यक्ष ओपी सिहं (कबुतर), हरिओम साहू,राजेश यादव, सुभाष यादव, रोशन लाल प्रजापति, विजय बहादुर पाल, दीपांशु यादव, श्याम बिहारी यादव, रमाशंकर लालचंद प्रजापति, शिवम सिंह, बुद्दू सोनकर, सुरेश कुमार सोनकर, दीपचंद्र सहित दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता शामिल रहे। ज्ञापन में संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र करछना के बीएलओ गण द्वारा सुपरवाइजर के निर्देश पर ए तथा बी श्रेणी के मतदाताओं को सी श्रेणी में ऑनलाइन कर सत्यापित कर दिया गया है, जो निर्वाचन आयोग के निदेशों का खुला उल्लंघन है। जबकि विधानसभा अध्यक्ष करछना ने दूरभाष एवं मीडिया चैनल के माध्यम से निर्वाचन अधिकारियों को इसकी सूचना गत 23 नवंबर 2025 को दे दी गई थी। दुर्भाग्य है कि चेताए जाने के बावजूद भी अनियमितता आज तक जारी है । हेरा फेरी से मतदाताओं के अस्थाई निवास तथा प्रवास पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। विधानसभा अध्यक्ष करछना ने ज्ञापन सौंप कर प्रशासन को आगाह किया कि यदि नियमों के तहत भरे हुए फॉर्म का ऑनलाइन सत्यापन निर्धारित श्रेणी के तहत नहीं किया गया, तो हजारों की संख्या में सपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे तथा इस अनियमितता का पुरजोर विरोध करेंगे। तहसीलदार करछना डॉ०बृजेश कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आस्वस्त किया कि आगामी 10 दिसंबर तक समाजवादी पार्टी द्वारा व्यक्त की गयी आशंकाओ का पूर्ण रूप से निवारण कर दिया जाएगा।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि



**लालापुर।** क्षेत्र के अमिलिया तरहार गांव में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विभवनाथ भारती द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विभव नाथ ने कहा की यह श्रद्धांजलि उनके प्रति सम्मान, कृतज्ञता और संविधानिक मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।बाबासाहेब के विचार और संघर्ष हमें प्रेरित करते हैं कि हम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे ।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बंदना सिंह ,अमित पासी ,विजय पासी ,रामसूचित ,आर.डी. चौधरी, श्रीश्याम चौधरी ,रवि सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## पचदेवरा में खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा, ग्रामीणों में बढ़ा रोष, CM पोर्टल से तहसील दिवस तक लगी गुहार, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

**करछना।** जिले में सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने को लेकर डीएम मनीष वर्मा द्वारा कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकारियों को रोजाना अभियान चलाकर कब्जा मुक्त कराने का आदेश है, लेकिन करछना तहसील के पचदेवरा गांव में स्थित सरकारी खलिहान की जमीन पर अब भी दबंगों का शिकंजा कायम है। आरोप है कि कब्जाधारियों ने खलिहान की भूमि पर छप्पर डालकर स्थायी निर्माण जैसा ढांचा खड़ा कर लिया है।गांव निवासी देवी प्रसाद तिवारी पुत्र राजा राम लंबे समय से इस जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने सीएम पोर्टल, पुलिस विभाग से लेकर तहसील दिवस तक लगातार शिकायतें दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।देवी प्रसाद का आरोप है कि तहसील के कुछ कर्मियों की मिलीभगत के कारण कब्जाधारियों को संरक्षण मिलता रहा, जिसके चलते आज तक अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। शनिवार को उन्होंने एक बार फिर राजस्व विभाग को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।ग्रामीणों का कहना है कि खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा बने रहने से गांव की आम उपयोग की भूमि का सही लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कब्जा हटवाने और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## करछना ब्लाक में अव्यवस्थाओं को लेकर ग्राम प्रधानों ने अपनाया कड़ा रुख, 10 दिसंबर से धरने की दी चेतावनी



**करछना।** करछना विकासखंड में विभागीय कार्यप्रणाली, स्थानांतरण और सेवाओं में अव्यवस्था को लेकर ग्राम प्रधानों ने शनिवार को बैठक कर कड़ा रुख अपनाया। प्रधान संघ कार्यालय करछना में हुई बैठक की अध्यक्षता प्रधान संघ अध्यक्ष आकृति अवतार किसन सिंह ने की। बैठक में आवास पटल पर कार्य में लापरवाही का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया गया। प्रधानों ने मांग की कि प्रदीप बाबू को तत्काल दायित्व से हटाया जाए, क्योंकि पटल पर कार्य समय से और सही तरीके से नहीं हो रहा है। क्लस्टर में सचिवों की कमी को भी गंभीर समस्या बताते हुए प्रधानों ने कहा कि बिना सचिव वाले गांवों में प्रधान की सहमति से नियुक्ति की जाए। चुनाव नजदीक होने के कारण सचिवों के अनावश्यक स्थानांतरण पर रोक लगाने की भी मांग की गई। प्रधानों ने अधिकारियों द्वारा गांवों में बिना कारण जांच करने और उसके बाद कार्रवाई कर ग्रामीणों को परेशान करने का आरोप लगाया। सफाई व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता बताते हुए प्रधानों ने सभी गांवों में सफाई कर्मचारियों की नियमित तैनाती की मांग रखी। साथ ही मनरेगा के पक्के कार्यों की वित्तीय स्वीकृति तत्काल जारी करने, आरआरसी सेंटरों के भुगतान समय पर कराने तथा मुख्यमंत्री आवास योजना का समान रूप से आवंटन करने की मांग भी उठाई गई। प्रधानों ने आरोप लगाया कि आवास जांच के नाम पर कुछ अधिकारी वसूली कर रहे हैं, जिसे तत्काल रोका जाए। प्रधान संघ महामंत्री धीतेश तिवारी सहित दर्जनों प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी अमित मिश्रा को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि तीन दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो 10 दिसंबर से ब्लॉक परिसर में धरना शुरू किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से सुरेश पांडे, दिनेश श्रीवास्तव, परमानंद मौर्या, विजय बहादुर सिंह उर्फ बीरू सिंह, बजरंगी, नागेन्द्र पांडे, रमेशचंद्र मिश्रा, आंनद कुमार बृजेश कुमार कुशवाह, दिनेश कुमार सोनकर, दीपनारायण पटेल, आशीष पांडेय, सहित शामिल रहे।

# अंतरराज्यीय जेबीबी कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ, मुख्य अतिथि ने फीता काटकर दी शुरूआत

**अखंड भारत संदेश**






**लालापुर।** अंतरराज्यीय जेबीबी कबड्डी प्रतियोगिता सुजौना का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के बाबा साहेब वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी एवम जिला पञ्चायत सदस्य बृजेश यादव, सदाशिव यादव, मुकेश द्विवेदी, समाजवादी जिला उपाध्यक्ष रमाकांत यादव आदि ने फीता काटकर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरूआत की। सुजौना में लगातर पंद्रह वर्षों से यह प्रतियोगित सम्पन्न होती आ रही है। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में इस वर्ष सोलह टीमें भाग ले रही हैं , जिसमे राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन अलीगढ़, जबलपुर, तेवरिया से आई टीमों के बीच हुआ।

मुख्य अतिथि राजू पासी ने अपने संबोधन में कहा कि कबड्डी भारतीय खेल संस्कृति की आत्मा है और ऐसी प्रतियोगिताएँ युवाओं में खेल के प्रति जुनून और अनुशासन बढ़ाती हैं। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। शुभारंभ के बाद उद्घाटन मैच बेहद रोमांचक रहा, जिसमें खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन से दर्शक झूम उठे। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आई टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिससे मुकाबले और भी दिलचस्प होने वाले हैं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजनकर्ता विनय यादव, राकेश यादव, इंद्रजीत, अशोक यादव , अवधेश प्रजापति, पवन पटेल, दिनेश यादव, राजेंद्र यादव आदि लोगों सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# 5 साल के बच्चे की मौत, एमजी रोड पर परिजनों ने लगाया जाम, 2 हजार गाड़ियां फंसी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** 5 साल के मासूम की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पिता बोले- डॉक्टरों ने मेरे बेटे को मार डाला। उन्होंने बच्चे की डेडबॉडी भी गायब कर दी है। गुस्साए परिजनों ने शनिवार सुबह एमजी रोड पर जाम लगा दिया। सड़क पर ही लेट गए।बोले- जब तक इंसाफ नहीं मिलेगा तब तक नहीं हटेंगे। इस दौरान करीब 2000 से अधिक गाड़ियां जाम में फंस गईं। सूचना मिलते ही पुलिस और अस्पताल प्रशासन मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाने का प्रयास किया। परिजनों की मांग है कि उन्हें तुरंत बच्चे का शव दिया जाए और अस्पताल स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई हो।

अमिलिया गांव के रहने वाले गुड्डू ने बताया- 30 नवंबर को मेरा 5 साल का बेटा वंश खेल रहा था। तार पर लकड़ी मारने के दौरान उसकी चपेट में आ गया। हम लोगों ने बेटे को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार सुबह 6 बजे जब डॉक्टरों को बुलाने गए तो उन्होंने कहा- चलो आते हैं। जब आए तो उसके सीने पर जोर-जोर से





मारने लगे। बोले-आपका बेटा मर गया है। तुरंत पुलिस वालों को बुलाकर हमे बाहर निकाल दिया। मेरे बच्चे की मौत डॉक्टरों की लापरवाही के चलते हुई है।

डीसीपी सिटी प्रयागराज मनीष कुमार शांडिल्य ने कहा-जाम खुलवा दिया गया है। परिजनों को समझाया जा रहा है। अगर वह पोस्टमार्टम कराने को राजी नहीं होते हैं तो सहमति लेने के बाद उचित विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले गया युवक, बेटी की तलाश में भटकते रहे परिजन

**कौंधियारा।** यमुनापार के कौंधियारा थाना क्षेत्र के एक गाँव में नाबालिग लड़की को गांव के ही युवक द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने का गंभीर मामला सामने आया है। लड़की के पिता ने आरोप लगाया कि गांव का युवक रमेश चंद्र साहू उर्फ गोलू ( 20 वर्ष) उनकी 15 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया। जब परिवार को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने आसपास और गांव में खोजबीन शुरू की, लेकिन लड़की का कोई पता नहीं चला। पिता का कहना है कि वह आरोपी युवक के पिता के घर भी बेटी को वापस लाने की गुहार लेकर पहुंचे, लेकिन वहां उल्टा उन्हें गंभीर धमकियां दी गईं। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण पीड़ित परिवार धमकी से सहम गया, जिससे मामला और अधिक संवेदनशील हो गया।

ग्रामीणों के अनुसार आरोपी युवक को पहले भी कई बार नाबालिग लड़की के आसपास देखा गया था, लेकिन परिवार ने किसी अनहोनी की कल्पना नहीं की थी। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं और लोग पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

पीड़ित पिता ने शनिवार देर रात लगभग 12 बजे कौंधियारा थाने पहुंचकर तहरीर दी। थानाध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और लड़की की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर जांच शुरू कर दी गई है। सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा अब्दुस सलाम खान ने कहा कि प्रकरण की जानकारी लेकर संबंधित थाने को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# अरैल में बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई, ठेकेदार की मौत



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अरैल बांध रोड पर बनी पुलिया से बाइक सवार एक अधेड़ की बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में वह दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। संड़क पर खून से लथपथ वह काफी देर तक तड़पता रहा। इसी दौरान राहगीरों ने घटना की सूचना नैनी पुलिस को दी। गश्त पर मौजूद नैनी इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे और आधार कार्ड के जरिए घायल की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने उसे स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय सुदामा निषाद, निवासी मवैया, के रूप में हुई है। औद्योगिक थाना क्षेत्र के मवैया निवासी सुदामा निषाद 50 वर्ष पुत्र प्रेमचंद, निर्माण कार्य कंस्ट्रक्शन से जुड़े थे और शहर में मकान निर्माण की ठेकेदारी करते थे। चार भाइयों में सबसे बड़े सुदामा के दो बेटियाँ और एक बेटा है। शुक्रवार को वे शहर गए हुए थे और रात में बाइक से घर लौट रहे थे। जब वे नैनी-अरैल बांध रोड स्थित पुलिया के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और पुलिया से टकराकर वे दूर जा गिरे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सिर पर लगा हेलमेट टूटकर उनके सिर में धंस गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आ गईं। राहगीरों ने उन्हें तड़पता देख तुरंत नैनी पुलिस को सूचना दी। गश्त कर रहे नैनी इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम मौके पर पहंचे और घायल की जेब से आधार कार्ड निकालकर उसकी शिनाख्त की। फिर घायल के मोबाइल से परिजनों को जानकारी दी। परिजनों के आने पर पुलिस ने सुदामा को गंभीर हालत में उपचार के लिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय भेजा, जहां इलाज शुरू होने से पहले ही उनकी मौत हो गई।

# एसआईआर प्रक्रिया में समाज के सभी वर्ग के लोग करें बीएलओ का सहयोग : योगेश शुक्ल

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे इस मुहिम में अपना सक्रिय योगदान देने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता ने यमुनापार के लोगों का किया आह्वान

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर के लिए यमुनापार के जनमानस का आह्वान करते हुए कहा कि इस मुहिम में हर जिम्मेदार व्यक्ति को आगे आना होगा। निर्वाचन अधिकार से कोई भी व्यक्ति छूटने न पाए इस लिए हम सब लोगो को एसआईआर की प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग एवं बूथ स्तर पर बीएलओ को अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस मुहिम में सभी सामाजिक एवं



राजनैतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं एवं युवाओं सहित हर व्यक्ति को शामिल होना होगा जिससे कोई भी व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित ना रहे।

श्री शुक्ल ने खास तौर पर यमुनापार के प्रत्येक नौजवान साथियों से विशेष अपील करते हुए उन्होंने उम्मीद जाहिर किया कि वो विकसित भारत के सपने के सच्चे सिपाही के तौर पर अपने अपने बूथ क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को उनके फार्म को सही तरीके से भरने एवं बीएलओ के माध्यम से चुनाव आयोग तक जमा करने में आवश्यक सहायता करेंगे।

## प्रयागराज में तंबुओं की नगरी बसने की प्रक्रिया तेज

**प्रयागराज।** संगम की रेती पर तंबुओं की नगरी बसाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसके तहत शनिवार को माघ मेला क्षेत्र में आचार्यबाड़ा के संतों को भूमि वितरित की गई। सुबह समस्त संतों ने विधि-विधान से पूजन करके माघ मेला के निर्विघ्न संपन्न होने की कामना की। इसके बाद आपसी सहमति से उसका वितरण कराया। भूमि आवंटन माघ मेला क्षेत्र के गंगोली शिवाला मार्ग से शुरू हुआ। आचार्यबाड़ा को भूमि गंगोली शिवाला मार्ग, ओल्ड जीटी रोड से आगे तक किया जाएगा। आचार्यबाड़ा के संत अभी तक दो गुट में बंटे थे। बीते वर्षों में दोनों गुट अलग-अलग भूमि आवंटन करने की मांग करते थे। अबकी उनमें सहमति बन गई। इससे सबको एक साथ भूमि आवंटित की गई है।

# सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

## मांडा ब्लॉक में काली पट्टी बांधकर फर्श पर बैठे

**मांडा।** ब्लॉक मुख्यालय मांडा पर ग्राम पंचायत अधिकारियों ने शासन द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति को अव्यावहारिक बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने हाथ में काली पट्टी बांधकर और फर्श पर बैठकर अपना विरोध दर्ज कराया। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन बीडीओ मांडा को सौंपा गया।

ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के आह्वान पर यह प्रदर्शन किया गया। ऑनलाइन उपस्थिति को अव्यावहारिक बताते हुए चार दिन के सांकेतिक विरोध के बाद, शुक्रवार को मांडा ब्लॉक मुख्यालय पर सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों ने सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक फर्श पर बैठकर विरोध किया।

दिसंबर माह तक सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर सरकारी काम संपादित किया। 5 दिसंबर को भी ऑनलाइन उपस्थिति




का विरोध करते हुए सभी ग्राम पंचायत अधिकारी 11 बजे से 1 बजे तक फर्श पर बैठे। इस सत्याग्रह के दौरान, बीडीओ के माध्यम से मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। शुक्रवार को मांडा ब्लॉक में काली पट्टी बांधकर और फर्श पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों में बृजेन्द्र शुक्ला, तेज बहादुर, संजीव कुमार, संदीप कुमार, संदीप कुमार द्वितीय, कमल कुमार, नवनीत कुमार तिवारी, धीरेंद्र बिंद, संजय यादव, धीरेंद्र सिंह, शशांक, राम सकल सहित अन्य ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी शामिल थे।

# अयोध्या में भव्य राममंदिर में धर्मध्वजा की स्थापना की खुशी में दिघिया में कार्यक्रम आयोजित

## कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि तिवारी ने धार्मिक आयोजन में किया शिरकत कहा 6 दिसंबर का दिन है बेहद खास उन लाखों कार सेवकों को है मेरा नमन,समाजसेवी शिव उपाध्याय को सौंपी सिंधे गुट का यमुनापार जिला प्रमुख की जिम्मेदारी

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** विगत 6 दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस और अयोध्या में भव्य राम मंदिर में धर्मध्वजा की स्थापना की खुशी में वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति अनुराग तिवारी के आवास दिघिया में एक सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धापूर्वक सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसके उपरांत सभी उपस्थित लोगों में प्रसाद वितरित किया गया। ?कार्यक्रम में उपस्थित शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि तिवारी ने इस दिन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज का दिन उन लाखों कारसेवकों को नमन करने का है, जिन्होंने अपने त्याग और बलिदान से बाबरी मस्जिद का विध्वंस किया था। रुचि तिवारी ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व



धार्मिक कार्यक्रम में समाजसेवी शिव उपाध्याय को जिम्मेदारी सौंपती शिवसेना प्रदेश सचिव

की सराहना करते हुए कहा कि आज देश में हिंदुओं के आराध्य भगवान का दिव्य और भव्य मंदिर निर्मित हुआ है। ढांचा गिरने के बाद वर्षों तक भगवान राम को टेंट में बैठाए रखने वाली सरकारें आज सत्ता से दूर हैं, जबकि अपने प्रभु राम को भव्य मंदिर में विराजित करने वाली सरकार को जनता का पूरा आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। इसी आयोजन के दौरान, रुचि तिवारी ने शिवसेना (शिंदे गुट) को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की दिशा में संगठन विस्तार की घोषणा की। उन्होंने वरिष्ठ समाजसेवी शिव उपाध्याय को शिवसेना (शिंदे गुट)का जिला प्रमुख यमुनापार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। ?इस धार्मिक और राजनीतिक आयोजन में विजयकांत मिश्र,अभिषेक तिवारी, अनूप मिश्रा पूर्व प्रधान, सोनू सेठ बी.के मिश्र, दीपक गौड़, विनोद गुप्ता, सबल तिवारी सहित कई गणमान्य लोग

उपस्थित रहे। ?अंत में मेजबान अनुराग तिवारी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और भगवान राम की धर्म पताका से सभी के कल्याण की प्रार्थना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# शिक्षा, बांग्लादेशी घुसपैठ, प्राकृतिक आपदा, विभाजनकारी ताकत, तथा समाज परिवर्तन, विषयक पाँच प्रमुख प्रस्ताव हुए पारित

## बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि 06 दिसम्बर पर विद्यार्थी परिषद ने मनाया सामाजिक समरसता दिवस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का 71वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून के परेड ग्राउंड में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा नगर के जनरल बिपिन रावत सभागार में 28-30 नवम्बर 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम में देश भर से 1500 से अधिक विद्यार्थी, प्राध्यापक, शिक्षाविद, पूर्णकालिक कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अधिवेशन में संगठनात्मक विकास, शैक्षिक नीतियों तथा सामाजिक-सांस्कृतिक मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अधिवेशन की जानकारी देने हेतू पत्रकार वार्ता का आयोजन अभाविप के प्रयागराज कार्यालय पर राष्ट्रीय मंत्री अभय प्रताप सिंह जी ने सम्बोधित किया।

आज दिनांक 06 दिसंबर 2025 को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर अभाविप द्वारा प्रयागराज में बाबा साहब सन्देश यात्रा, संगोष्ठी एवं विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से समाज में एकता एवं समरस्ता का सन्देश पहुँचाया गया।अधिवेशन में भारत के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक आयाम को समृद्ध करने वाली तीन यात्राओं को विशेष स्थान दिया गया। जिनमें रानी अब्बक्का कलश यात्रा, जो कर्नाटक में उनकी जन्मस्थली से प्रारम्भ होकर 3000 किमी से अधिक दूरी तय कर देहरादून पहुंची। इस यात्रा की उपस्थिति ने रानी अब्बक्का के शौर्य व भारत के सांस्कृतिक गौरव से युवाओं को परिचित कराया। भगवान बिरसा मुंडा की 150वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भगवान बिरसा संदेश यात्रा का आयोजन हुआ, जो झारखण्ड के उलिहातु से प्रारम्भ होकर अनेक




स्थानों से होते हुए युवाओं में भूमि, जल व जंगल के संरक्षण तथा आदिवासी अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश लेकर युवाओं के बीच पहुंची तथा श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली स्थित गुरुद्वारा शीशगंज साहिब से लाए गए पवित्र जल-कलश का श्रद्धापूर्वक स्वागत कर मुख्य सभागार में प्रतिष्ठित किया गया जिसने अधिवेशन को ऐतिहासिक व आध्यात्मिक चेतना प्रदान की। इन यात्राओं का स्वागत तथा उनकी परिसर में उपस्थिति अधिवेशन के सांस्कृतिक मंच का केन्द्र रहीं, जिन्होंने प्रतिनिधियों में राष्ट्र-समर्पण का भाव जागृत किया।

उक्त अधिवेशन में काशी प्रांत के प्रांत मंत्री एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शोध छात्र अभय प्रताप सिंह को राष्ट्रीय मंत्री, इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अलोक त्रिपाठी एवं आँचल सिंह को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से सर्वेश, वाराणसी से वंशिका शुक्ला एवं सोनभद्र से मनमोहन निषाद को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व मिला।

भगवान बिरसा मुंडा नगर में आयोजित अभाविप के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन में कुल 5 प्रस्ताव पारित किये गये। 'पर्याप्त वित्तीय आवंटन सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों को एक संरचना के अंतर्गत लाने की आवश्यकता', 'बांग्लादेशी घुसपैठः राष्ट्रीय सुरक्षा एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चुनौती', 'मानवीय क्रियाकलापों से उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं के निवारण हेतु समाज की भूमिका', तथा 'विभाजनकारी ताकतों के विरुद्ध संगठित समाज ही समाधान' विषयक इन चार प्रस्तावों को प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त सुझावों के अनुसार संशोधन कर पारित किया गया। साथ ही 'समाज परिवर्तन का वाहक बने युवा' विषयक प्रस्ताव को 27 दिसम्बर को हुई राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक में पारित किया गया।

अभाविप के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन में सत्र 2025-26 हेतु नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) राजकिशोर तिवारी और पुनःनिर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी को चुनावाधिकारी डॉ. मसाड़ी बापूराव ने पदभार ग्रहण कराया। अभाविप के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन 28 नवम्बर को भारत के विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ एस सोमनाथ द्वारा किया गया।

अधिवेशन में संगठन की आगामी योजनाओं और कार्यक्रमों को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। छात्रवास सर्वेक्षण अभियान फरवरी माह में एक सप्ताह के लिए चलाया जाएगा, जिसमे सभी प्रकार के छात्रवासों का सर्वेक्षण करेंगे। महारानी अब्बाका जन्म के 500वें वर्ष के निमित्त विभिन्न परिसरों में प्रदर्शनी एवं कार्यक्रमों का आयोजन होना तय हुआ है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्मजयंती देशभर के शैक्षिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संघ शताब्दी वर्ष में समाज परिवर्तन के पंच प्रण का आग्रह किया गया है। प्रो. यशवंत राव केलकर जन्मशती वर्ष की निमित कार्यकर्ता आग्रह ,उद्बोधन एवं कार्यक्रमों का आयोजन होगा। देश में लगाये गए आपातकाल की 50वीं वर्षगाँठ के निमित्त व्यापक अभियान होंगे। 350वें गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस के निमित्त देश भर में कार्यक्रम होगा तथा वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के निमित महाविद्यालयों इकाइयो के साथ वंदे मातरम गान का अभियान भी देशभर में अभाविप द्वारा चलाया जाएगा। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा, ह्अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से आए कार्यकताओं ने संगठनात्मक और कार्यक्रयात्मक विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अधिवेशन के माध्यम से विद्यार्थी परिषद के कार्य को तेज गति मिलने वाली है। अधिवेशन में आए प्रतिनिधि कार्यकर्ता अपने केंद्रों पर सम्पूर्ण दृढ़ता और प्रतिबद्धता के साथ काम कर सभी शैक्षिक संस्थानों एवं समाज तक विद्यार्थी परिषद का संदेश पहुंचाएंगे। एक नई ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता आगामी कार्यक्रमों और योजनाओं पर काम करेंगे और निश्चित रूप में देशभर में छात्रशक्ति तीव्र गति से आगे बढ़ेगी।

पत्रकार वार्ता के दौरान महानगर मंत्री प्रतिक मिश्रा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अलोक त्रिपाठी एवं आँचल सिंह उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील पट्टी में सुनी शिकायतें, 10 का हुआ निस्तारण

अखंड भारत संदेश





**प्रतापगढ़।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर तहसील पट्टी में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा व अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने डा0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरान्त जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पट्टी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 182 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 182 शिकायतों में से 88 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 28, विकास विभाग से 26, समाज कल्याण से 05, शिक्षा से 03, स्वास्थ्य से 02 एवं 30 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुना गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जूनियर बार के अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराया कि तहसील परिसर में पीने के पानी की अव्यवस्था है, तहसील में 3 इण्डिया मार्का नल खराब पड़े हुये है जिसे रिबोर कराने की आवश्यकता है व तहसील परिसर में गन्दगी भी रहती है जिस पर डीएम ने ईओ पट्टी को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द रिबोर कराकर हैण्डपम्प को दुरूस्त करायें और इसकी रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करायें। तहसील परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था भी नियमित करायी जाये। शिकायतकर्ता रमाकान्त चैरसिया निवासी लखनीपुर पोस्ट सैफाबाद ने शिकायत किया कि प्रार्थी का बिल बिना रीडिंग चेक किये गलत फर्जी तरीके से आ रहा है जिसके सम्बन्ध में कई बार शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया है जिससे विद्युत अवर अभियन्ता द्वारा मौके पर विद्युत मीटर जांच किया गया और रिपोर्ट विद्युत कार्यालय में प्रेषित किया है, विद्युत बिल का संशोधन एसडीओ आसपुर देवसरा द्वारा किया जाना है परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि परीक्षण कराकर यथाशीघ्र शिकायत का निस्तारण करायें। शिकायतकर्ता वन्दना शर्मा निवासी बाभनपुर ने शिकायत किया कि प्रार्थी ने फरवरी माह में ही राशन कार्ड कट जाने की दशा में पुनः आनलाइन करवा कर समस्त कार्यवाही पूर्ण करके खाद्य एवं रसद विभाग सप्लाई इन्सपेक्टर आसपुर देवसरा के कार्यालय में भाग दौड़ कर रहा है किन्तु प्रार्थी का फार्म जमा नहीं किया जा रहा है जिस पर डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि परीक्षण कराकर शिकायत का निस्तारण जल्द से जल्द करायें।डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकताओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करें, जिसमें शिकायतकर्ता की संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को प्राप्त सभी शिकायतों का समय पर और सही तरीके से समाधान करने के निर्देश दिये गये। उन्होने निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने पुलिस अधिकारियोंध्थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुने, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस दौरान ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से युवक घायल

**पट्टी।** क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। पेट्रोल पंप से डीजल लेकर घर लौट रहे युवक को बोलेरो सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा शुक्रवार की देर शाम उस समय हुआ जब आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के उदईशाहपुर गांव निवासी धीरेंद्र दुबे का 18 वर्षीय पुत्र शिवांश दुबे साइकिल से अपने घर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने अचानक नियंत्रण खोते हुए साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शिवांश सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल युवक को उठाया और साथ ही बोलेरो व उसके चालक को भी पकड़ लिया। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल शिवांश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पट्टी लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### समाधान दिवस में आयीं छियासी शिकायतें, पांच का हुआ निस्तारण

**लालगंज।** स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। एएसपी पश्चिमी व एसडीएम ने फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की। समाधान दिवस पर कुल छियासी शिकायतें आयी। जिनमें से पांच का शिकायतों का अफसरो ने मौके पर निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायते राजस्व विभाग से जुडी सैतालिस व पुलिस की तेईस रही। एएसपी पश्चिमी ने थानाध्यक्षों को फरियादियों की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिये। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने मातहतों को लम्बित शिकायतों के पारदर्शितापूर्ण निस्तारण की बात कही। सीओ आशुतोष मिश्र ने भी पुलिस से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण किया। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ल, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, राजस्व निरीक्षक रामचंद्र त्रिपाठी, लेखपाल संघ अध्यक्ष केके सरोज आदि रहे।

### मारपीट व धमकी का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे नीर लोका गांव की संतोषा देवी पत्नी लालता सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार दिसंबर की शाम करीब सात बजे रंजिश को लेकर गांव के अभय पुत्र राजेश सिंह ने उसे तथा उसके पति को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इधर दूसरे पक्ष की कमलेश देवी पत्नी राजेश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर संतोषा देवी आदि पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### वांछित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**लालगंज।** अपहरण के वांछित को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा बृजेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ शनिवार की सुबह गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर अपहरण के मुकदमें में वांछित अमेठी जनपद के सकरावा गौरीगंज निवासी मंसूर पुत्र मकबूल को क्षेत्र के मेढावां मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया है।

### मामूली विवाद में कुनबे पर हमला, तीन घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के नेवादा गांव में मामूली विवाद के चलते पड़ोसियों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता जुम्रतुल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि शुक्रवार देर रात वह अपने परिवार के साथ घर पर थी। इसी दौरान पड़ोस का एक युवक घर आकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी युवक ने जुम्रतुल पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बहू जमातुल और बेटा भुवर जब बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपी ने उन पर भी लाठी-डंडों से प्रहार कर उन्हें घायल कर दिया। घटना की सूचना पीड़ित पक्ष ने 112 नंबर पुलिस को दी और कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र भी सौंपा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश में जुटी है।

## सड़क को लेकर ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लगाया लापरवाही का आरोप



**बढ़ते हादसे को देखते हुए ग्रामीणों ने की निर्माण कार्य तेजी से कराए जाने की मांग**

**पट्टी।** उड़ैयडीह-पृथ्वीगंज मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार बना हुआ है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गिट्टियों के ढेर पड़े हुए हैं। जिससे आवागमन बेहद मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण सड़क निर्माण का कार्य कई दिनों से धीमी गति से चल रहा है। समय पर निर्माण न होने से सड़क की हालत दिनों-दिन खस्ता होती जा रही है। सड़क पर फैली गिट्टियों और उबड़-खाबड़ सतह की वजह से राहगीर आए दिन फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे कई लोग घायल भी हो चुके हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह मार्ग बेहद खतरनाक हो गया है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से तेज किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द कदम नहीं उठाया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# डीएम ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांक 04 नवम्बर से बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र का वितरण, संग्रह एवं डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। जनपद के कुल 2525130 मतदाताओं के सापेक्ष दिनांक 06 दिसम्बर तक 1947044 मतदाताओं के अर्थात 77.11 प्रतिशत गणना प्रपत्र डिजिटाइज किये गये है। जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य 93.40 प्रतिशत हो चुका है। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभावार एसआईआर की प्रगति के बारे में अवगत कराया और उन्होंने बताया कि घर-घर सर्वे के दौरान जो मतदाता नहीं मिल रहे है, मृतक है, डुप्लीकेट हैं, पूर्ण रूप से स्थानातरित हो गये है, या गणना प्रपत्रों को वापस देने से इंकार कर रहे है, ऐसे मतदाताओं को वेरीफाइ करते हुए सम्बंधित बीएलओ के द्वारा सूची बनायी जा रही है, जिसे राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त प्रतिनिधियों एवं बीएलए के साथ बूथवार साझा किया जा रहा है। उन्होने कहा कि यदि सूची में किसी मतदाता का गलत चिन्हॉकन हो गया है, तो उसकी आपत्ति सम्बंधित बीएलओ अथवा ईआरओ को उपलब्ध करा दें, जिससे सम्बंधित मतदाता का नाम रोलबैक कर दिया जाये। उन्होंने इस कार्य में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि अपने अपने बीएलए के माध्यम से लोगों को जागरूक करा दें कि 11 दिसम्बर अंतिम तिथि तक फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें। जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि एसआइआर का कार्य पूरी पारदर्शी प्रक्रिया के साथ सम्पन्न कराया जा रहा है। यदि आपकी कोई समस्या हो, तो उसके बारे में जानकारी दें, जिससे कि उस समस्या का निराकरण शीघ्रता से कराया जा सके। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि अपने-अपने बीएलए को अपने स्तर से निर्देशित कर दें कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के फाइनल चार्ट को बीएलए द्वारा चेक करके उस पर हस्ताक्षर करेगें। जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसको निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाना है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) आदित्य प्रजापति सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों में भाजपा के राजेश सिंह, समाजवादी पार्टी के अब्दुल कादिर जिलानी, अपना दल एस के परमानन्द मिश्र, कांग्रेस से महेन्द्र शुक्ल, बसपा से प्रेम प्रकाश गौतम, आम आदमी पार्टी से दिनेश उपाध्याय व माकपा से जय प्रकाश सिंह व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## छात्रवृत्ति के आवेदन पत्रों को विद्यालय 13 दिसम्बर तक आनलाइन सत्यापित व अग्रसारित करें

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2025-26 में पूर्वदशम्ध्दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समस्त वर्गो के छात्रों के लिये संशोधित समय सारिणी निर्गत की गई है। उन्होने बताया है कि छात्रवृत्ति हेतु किये गये आनलाइन आवेदन को दिनांक 07 दिसम्बर तक छात्रध्छात्राओं द्वारा फाइनल प्रिन्टआउट किया जायेगा, 09 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्रध्छात्राओं द्वारा वांछित संलग्लकों सहित विद्यालय में जमा किया जायेगा। उन्होने बताया है कि दिनांक 13 दिसम्बर तक विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा। दिनांक 28 दिसम्बर तक त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रोंध्संस्था के स्तर से सही किया जायेगा। दिनांक 29 दिसम्बर तक त्रुटियॉ संशोधन के पश्चात छात्रों द्वारा सही आवेदन को विद्यालय में जमा किया जायेगा। दिनांक 23 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित किया जायेगा।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**पट्टी।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पट्टी पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। दुष्कर्म के अभियोग में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने सदर तहसील स्थित सई नदी पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल, क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी पट्टी अभिषेक कुमार सिरोही के नेतृत्व में निरीक्षक मनोज कुमार की टीम सक्रिय रूप से वारण्टी एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश में जुटी थी। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि दुष्कर्म मामले में वांछित अभियुक्त आशीष कुमार सिंह सई नदी पुल के पास मौजूद है। सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके पर पहुंचकर अभियुक्त को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।आशीष कुमार सिह पुत्र शिव प्रताप सिंह मूलरूप से सोहाई बाग, पोस्ट पहाड़पुर काशो, थाना हरचन्दपुर, जनपद रायबरेली के निवासी है। पुलिस ने दर्ज मुकदमे के आधार पर उसे जेल भेज दिया।

## बारात में मारपीट में अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** बारात में डांस के दौरान हुई मारपीट की घटना में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर गैरइरादतन हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के उप निरीक्षक राजेन्द्रराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पूरे चोप सिंह गांव क्षेत्र में गश्त के दौरान ग्रामीणों से सूचना मिली कि गांव निवासी शिवशंकर पाण्डेय पुत्र स्व0 लालता प्रसाद पाण्डेय के यहां बीती उन्तीस नवंबर को आयी बारात में डांस के दौरान डीजे पर गाना बजाने को लेकर नशे की हालत में लोगों ने मारपीट की। जिसमें शैलेन्द्र कुमार सोनी व विवेक कुमार सोनी गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना जांच में सही पाए जाने पर दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या के प्रयास समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# कैश काउंटर पर बैठकर रूपया जमा करा रहा सुरक्षा गार्ड

**पट्टी विद्युत उपकेंद्र का मामला, एकमुश्त समाधान योजना के तहत उपभोक्ताओं की लग रही भीड़**



**बेलखरनाथ धाम।** एकमुश्त समाधान योजना के तहत इन दिनों विद्युत उपकेंद्रों पर भीड़ देखने को मिल रही है। ऐसे में भीड़ को नियंत्रित करने व उपकेंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था देखने के लिए गार्ड रखे गये है। शनिवार को पट्टी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात सुरक्षा गार्ड अपनी ड्यूटी छोड़कर कैश काउंटर पर काम कैश जमा करने लगा। अब ऐसे में अगर कोई अनहोनी किसी के साथ घट जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होता।

पट्टी विद्युत उपकेंद्र पर एक मुश्त समाधान योजना के तहत ओटीएस व विद्युत बिल जमा किया जा रहा है। इस दौरान उपभोक्ता कैश लेकर उपकेंद्र पर पहुंच रहे हैं लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर उपभोक्ताओं को कोई देखने वाला नहीं है। सुरक्षा व्यवस्था में लगा गार्ड भी कमरे के अंदर कैश काउंटर पर बैठकर उपभोक्ताओं का बिल जमा कर रहा है।जबकि उसका कार्य है कि उपकेंद्र की सुरक्षा व्यवस्था देखना लेकिन इसके बावजूद भी वह कैश काउंटर पर बैठकर अपनी मनमानी कर रहा है।इस संबंध में विद्युत उपकेंद्र पट्टी के उपखंड अधिकारी अरूण कुमार यादव से संपर्क किया गया लेकिन उनका सीयूजी नंबर पर कॉल रिसीव नहीं हुआ।

# आवारा गोवंश से बढ़ी किसानों की मुश्किल, फसलों का हो रहा नुकसान

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** क्षेत्र में आवारा गोवंश किसानों के लिए लगातार मुसीबत का कारण बने हुए हैं। हालत यह है कि नेवादा, सरसतपुर, रायपुर सहित कई गांवों में आवारा पशुओं की संख्या इतनी बढ़ गई है कि किसानों की खड़ी फसलें सुरक्षित रखना मुश्किल हो गया है। किसानों का कहना है कि रात हो या दिन, गोवंश खेतों में घुसकर फसलें रौंद देते हैं। जिससे उनकी महीनों की मेहनत पलक झपकते ही बर्बाद हो जाती है। इतना ही नहीं, कई किसान इन पशुओं को खेत से भगाने के दौरान घायल भी हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोग अपने गांवों के आवारा जानवरों को पकड़कर दूसरे गांवों में छोड़ जाते हैं, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। ग्रामीण अरविंद तिवारी ने मामले में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी की है इसके बावजूद भी जिम्मेदार लोग मामले को नजरअंदाज कर रहे है। किसान प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि अविलंब प्रभावी समाधान निकाला जाए, ताकि उनकी मेहनत और आजीविका सुरक्षित रह सके।

## आठ पर मारपीट का मुकदमा

**प्रतापगढ़।** मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे वीरबल गांव निवासी राघवराम यादव पुत्र रामफल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चार दिसंबर को दोपहर करीब ढ़ाई बजे उसके पिता घर के दरवाजे पर बैठे थे। पीड़ित का आरोप है कि इसी बीच गांव के राजकुमार यादव तथा उसके पुत्रगण अनुज, अंकित व नीरज तथा राजकुमार यादव के भाई रामकुमार यादव व तीन अज्ञात लोग वहां पहुंचे और पीड़ित के पिता को मारने पीटने लगे। बीचबचाव करने पहुंचे पीड़ित को भी आरोपियों ने मारापीटा व धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बाबा साहब आम्बेडकर के बताये रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि : रामकृपाल

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** विकासखण्ड सांगीपुर की ग्राम पंचायत मंगापुर में शनिवार को बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख रामकृपाल पासी ने कहा कि बाबा साहब का सामाजिक न्याय और समानता के अधिकार का संघर्ष आज भी प्रेरणास्पद है। कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए वीरेन्द्र कुमार सरोज ने कहा कि बाबा साहब के बताये रास्ते पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा वर्ग के ब्लाक अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने किया। इस मौके सुरेश सरोज, जगजीवन कोरी, गयादीन चैधरी, सुरेन्द्र सरोज, विन्देश्वरी प्रसाद, अरविंद यादव, नन्हें गौतम आदि ने अपने विचार रखे।

## बारात में हुई मारपीट में तीन पर केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने बारात में हुई मारपीट की घटना पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के दर्रा गांव निवासी राहुल सिंह पुत्र मनोज सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार दिसंबर की रात करीब दस बजे सांगीपुर में बारात गये उसके भाई आदर्श सिंह को मारापीटा। आरोपीगण नौवानार निवासी अभिषेक सिंह व लखहरा निवासी प्रांशू सिंह व प्रियांशू सिंह ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# डीएम एवं एसपी ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले के सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को ऑनलाइन आवेदन कराकर पात्रता की स्थिति में लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील सिराथू में कुल 81 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

## एएसपी ने समाधान दिवस में सुनी फरियाद

**कौशांबी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी सिराथू के साथ तहसील सिराथू में जनसुनवाई की गई, जहां पर फरियादियों द्वारा अपनी समस्या प्रार्थना पत्रों के माध्यम से महोदय के समक्ष प्रस्तुत की गई। प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से कुछ का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, शेष प्रकरणों में सम्बन्धित अधिकारियों को संयुक्त टीम बनाकर त्वरित, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## अवैध कब्जा हटाने के लिए सिराथू प्रशासन ने जारी किया नोटिस

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के नौढ़िया आमद करारी गांव में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आते ही तहसील सिराथू प्रशासन सक्रिय हो गया है। ग्राम सभा की चारागाह भूमि पर अवैध निर्माण करने के आरोप में प्रशासन ने कब्जेदार विजय सिंह व उदय सिंह के खिलाफ आर्थिक दंड लगाते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए मामला गाटा संख्या 289 मि, रकबा 1.0360 हेक्टेयर से संबंधित है, जो राजकीय चारागाह भूमि के रूप में दर्ज है। हल्का लेखपाल की रिपोर्ट में पाया गया कि आरोपियों ने बिना किसी अनुमति के ग्राम सभा की जमीन पर मकान बनाकर कब्जा कर लिया था।रिपोर्ट मिलने के बाद तहसील प्रशासन ने संबंधित कब्जेदारों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना पक्ष रखने को कहा था। हालांकि, निर्धारित समय सीमा में आरोपियों ने कोई जवाब या प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया।प्रशासन अब इस अवैध कब्जे को हटाने व संबंधित आर्थिक दंड वसूली की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सरकारी व ग्राम सभा की भूमि पर अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## डीएम के निलंबित करने के बाद भी लेखपाल ड्यूटी पर तैनात

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऊनौ के मजरा बभन पुरवा के लेखपाल कुलदीप शुक्ला की तमाम शिकायत मिलने के बाद 12 नवंबर को जिला अधिकारी ने बभन पुरवा गांव पहुंचकर मौके पर तालाबी नंबर की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया था और उसके बाद उन्होंने तहसीलदार मंझनपुर को टीम गठित कर तालाबी नंबर की पैमाइश करने के निर्देश देते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए थे उन्होंने तहसीलदार को मत्स्य पालन पट्टा आवंटन की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया तालाब पर अतिक्रमण और मत्स्य पालन पट्टा की शर्तों को उल्लंघन की सूचना नहीं देने लापरवाही पर लेखपाल कुलदीप शुक्ला को निलंबित करने एवं कानूनगो से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए गए थे लेकिन उसके बाद भी लेखपाल कुलदीप शुक्ला निलंबित नहीं हुए और 12 नवंबर को निर्देश दिए जाने के बाद अभी तक लगातार कार्य कर रहे हैं शनिवार को फिर तहसील समाधान दिवस में लेखपाल कुलदीप शुक्ला की ग्रामीणों ने शिकायत किया है इसके पहले भी तहसील समाधान दिवस में गुलाब पासी ने लेखपाल पर आरोप लगाते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था कि तालाबी नंबर में धान की फसल बुवाई की गई है तालाबी नंबर की पैमाइश कराकर कार्यवाही की जाए जिस पर लेखपाल दोषी पाया गया था और निलंबन का निर्देश दिया गया था गांव की 44 बीघा तालाब की भूमि पर दबंग खेती करके फसल बेच लेते हैं और लेखपाल उसकी हिस्सेदारी लेता है जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद 3 सप्ताह से अधिक बीत जाने के बाद लेखपाल को निलंबित ने किए जाने के बाद व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज में टीकाकरण उत्सव अभियान की हुई समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज में नोडल अधिकारी मूरतगंज पीएचसी के प्रभारी डॉक्टर कमलेश कुमार ने माह दिसंबर से चल रहे टीकाकरण उत्सव अभियान की समीक्षा बैठक बुलाई जिसमें समीक्षा के दौरान जीरो से 5 साल तक के बच्चों को टीकाकरण से अच्छादीत करने हेतु निर्देशित किया गया नोडल अधिकारी के द्वारा बताया गया कि इस दौरान 1 से 31 दिसंबर तक नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों को टीके लगाए जाएंगे। छूटे बच्चों का सत्र स्थल पर टीकाकरण किया जाएगा टीका उत्सव के तहत पेंटा-1, एमआर-1 और एमआर-2 के छूटे हुए बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। नोडल अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक में लगभग दो हजार बच्चे ऐसे हैं जो किसी न किसी टीके से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य सभी छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण के दायरे में लाना है।बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए टीकाकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। अभियान के तहत, सभी आशा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में उन बच्चों की विशेष सूची (ड्यू लिस्ट) तैयार करवा ले जो टीकाकरण से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि सत्र से एक दिन पहले, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से सभी अभिभावकों को बुलावा पर्ची भेजेंगी और उन्हें सत्र स्थल पर लाकर बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करेंगी।इसके अतिरिक्त अपने क्षेत्र में महिला आरोग्य समिति की बैठकें भी आयोजित करे । उन्होंने कहा कि इन बैठकों में उन माताओं और अभिभावकों को बुलाया जाएगा जिनके बच्चे किसी टीके से वंचित हैं। उन्हें पूर्ण टीकाकरण के लाभों से अवगत कराया जाएगा और बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों द्वारा टीकाकरण का विरोध किया जाएगा, उनके बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों और प्रभावशाली व्यक्तियों की मदद ली जाएगी इसके अतिरिक्त नोडल अधिकारी के द्वारा टीवी मुक्त अभियान एनसीडी स्क्रीनिंग ई संजीवनी सैम मैम बच्चों के चिन्ह्यांकन और उनका रेफरल आदि पर विस्तृत चर्चा की इस अवसर पर मूरतगंज पीएचसी के प्रभारी डॉक्टर कमलेश कुमार अपार शोध अधिकारी रागिनी मौर्य एवं ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंद्रकांत पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने दिया संविधान का अधिकार : गौरव पांडेय

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** नगर पंचायत चरवा में शनिवार को कांग्रेस कमेटी कौशांबी द्वारा भारत रत्न डाक्ट भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहब की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई इसके उपरांत स्मृति सभा का आयोजन किया गया कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा बाबा साहब ने हमे सामाजिक अधिकार दिलाया एवं उनका संघर्ष व चिंतन भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव है। इसके बाद जिला संयोजक राजेश साहनी ने कहा कि बाबासाहेब हमेशा ऐसे भारतीय समाज की बात करते थे और उसका सपना देखते थे जिसमें सभी लोगों को बराबर माना जाता हो.! इसके बाद पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी ने कहा कि बाबासाहेब भारत के एक जाने-माने शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे। तत्पश्चात जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम ने कहा कि संविधान बनाने और भारतीय समाज की सेवा में उनके योगदान के लिए बाबा साहब को 1990 में भारत रत्न मिला था.कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी,जिला संयोजक राजेश साहनी,जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,श्याम सिंह भदौरिया जिलाअध्यक्ष सेवादल मोहम्मद जमशेद,व्यापार मंडल के अध्यक्ष कैलाश केसरवानी नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय मोहम्मद शारिक, मोहम्मद मिजान, बिलाल अहमद, महेंद्र कुमार मिश्रा, जिला सचिव हेमन्त रावत नगर महासचिव नौशे आलम, बड़का रैदास, राकेश पाल, राकेश पासी, राम खेलावन पटेल, रामसिंह कुशवाहा आजाद पासी, सोनू रैदास आदि लोग उपस्थित रहे।

# कौशाम्बी में वन विभाग की सांठगांठ से हरियाली का हुआ महाविनाश

अखंड भारत संदेश

**अंधेर तो तब हो गया जब हरे फलदार पेड़ के कटान में रोक के बावजूद हरे पेड़ों का विभाग जारी कर रहा है परमिट**

**डीएफओ और रेंजर की चुप्पी है या मिलीभगत है करोड़ों के सरकारी मंशा पर भारी पड़ रहा खुलेआम कमीशनखोरी का खेल**

**कड़ा कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार की पर्यावरण संरक्षण की योजनाओं पर कौशांबी जिले का वन विभाग पलीता लगा रहा है। जिले की सिराथू और चायल तहसीलें इस समय लकड़ी माफिया के लिए किसी ओपन परमिट जोन से कम नहीं हैं जहां जिला वन अधिकारियों की कथित संरक्षण में प्रतिदिन दर्जनों हरे भरे पेड़ों का निर्मम कत्ल हो रहा है सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी माफिया पर एफआईआर क्यों नहीं करते उन्हें जेल क्यों नहीं भेजते सूत्रों के अनुसार हरे पेड़ों की अवैध कटाई पकड़े जाने पर लकड़ी माफिया को जुमार्ने की रसीद थमाकर तुरंत रिहा कर दिया जाता है यह बार-बार होने वाली प्रक्रिया जिसे अधिकारी कानूनी कार्रवाई बताते हैं वास्तव में अवैध कटान को वैधता देने का एक भ्रष्ट तंत्र बन चुकी है जबकि हरे पेड़ काटने वाले पर जुमार्ना के साथ-साथ नया पेड़ लगाए जाने की भी बाध्यता है लेकिन नए पेड़ नहीं लगाए जाते हैं। क्या जुमार्ने की यह राशि वास्तव में सरकारी खजाने में जा रही है या यह रसीदें अधिकारियों और माफिया के बीच हुए खुलेआम कमीशन या हफ्ता वसूली का आवरण मात्र हैं बार-बार एक ही माफिया को सिर्फ जुमार्ने पर छोड़ना अधिकारियों की नीयत पर सीधा संदेह पैदा करता है कि वे वन अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं यह कहना कि डीएफओ और रेंजर को इस अवैध कारोबार की जानकारी नहीं है यह सच्चाई से मुंह मोड़ना होगा। जिस पैमाने पर सिराथू और चायल रेंज क्षेत्र में रोजाना पेड़ काटे जा रहे हैं वह वन विभाग की सक्रिय भागीदारी या आपराधिक अनदेखी के बिना संभव ही नहीं है लाखों के पेड़ों की कटाई और लाखों के राजस्व को नुकसान के बदले चंद हजार का जुमार्ना क्या यह राष्ट्रीय संपत्ति की लूट नहीं है जहां सरकार पर्यावरण बचाने को लेकर करोड़ों खर्च कर रही है वहीं जिम्मेदार अधिकारी जुमार्ना के नाम पर बेखौफ लकड़ी काटने का आदेश जारी कर रहे हैं यह किस ऊपरी आदेश का पालन है जिला वन विभाग की यह कार्रवाई स्पष्ट संकेत देती है कि उन्हें न तो पर्यावरण की चिंता है न ही सरकारी आदेशों का सम्मान मुख्यमंत्री कार्यालय और पीसीसीएफ तत्काल हस्तक्षेप करे स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी और प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्यमंत्री कार्यालय के संज्ञान लेना चाहिए। हरे फलदार पेड़ काटने का परमिट दिए जाने का नियम शासनादेश में नहीं है पेड़ का परमिट दिए जाने के पूर्व मौके का सर्वेक्षण करने की जिम्मेदारी वन विभाग के अधिकारियों की है लेकिन मौके का सर्वेक्षण अधिकारी नहीं करते हैं और उसके बाद हरे फलदार पेड़ को सूखा पेड़ घोषित करके वन विभाग के अधिकारी लकड़ी माफियाओं को परमिट देकर मोटी रकम की वसूली कर रहे हैं।

वन विभाग के अधिकारियों के इस भ्रष्टाचार को तुरंत प्रभाव से संज्ञान लेकर सिराथू और चायल के सभी वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को हटाया जाए और एक स्वतंत्र एजेंसी जैसे भ्रष्टाचार निवारण संगठन और विजिलेंस द्वारा उनके अकूत संपत्तियों की जांच और पिछले एक साल के जुमार्ना रसीदों की जांच की जाए अब तक केवल जुमार्ना देकर छोड़े गए सभी लकड़ी माफिया पर भारतीय न्याय संहिता से संबंधित धाराओं जैसे सरकारी संपत्ति को नुकसान आपराधिक षड्यंत्र के तहत तत्काल एफ आई आर दर्ज कर जेल भेजा जाए अगर इस महाविनाश को तुरंत नहीं रोका गया तो कौशाम्बी की हरियाली जल्द ही नक्शे से गायब हो जाएगी और इसके लिए सीधे तौर पर डीएफओ और रेंजर की उदासीनता नहीं बल्कि भ्रष्ट मिलीभगत जिम्मेदार होगी।

# कड़ा में मिट्टी माफिया ने रात के अंधेरे में खनन कर गंगा किनारे खेत में बना दिए 12 फुट गहरे गड्ढे

अखंड भारत संदेश



**कड़ा कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र में इस समय अवैध मिट्टी खनन माफियाओं के आतंक से जनता त्रस्त है माफियाओं ने अब अपनी गतिविधियों को केवल रात के अंधेरे तक सीमित नहीं रखा है बल्कि गंगा नदी के किनारे की संवेदनशील भूमि को भी नहीं बख्शा है जिससे पर्यावरणीय और कानूनी दोनों तरह का संकट खड़ा हो गया है स्थानीय लोगों ने पुलिस और प्रशासन की कथित मिलीभगत पर गंभीर आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है कड़ा गिरधरपुर गढ़ी बड़ा टीला गांव समेत पूरे सिराथू क्षेत्र में सूर्यास्त होते ही मिट्टी माफिया रात के बादशाह बन जाते हैं। रात भर जेसीबी की तेज गड़गड़ाहट ट्रैक्टरों की टकाटक और डंपरों के हॉर्न व सायरन की आवाज से ग्रामीण सो नहीं पाते हैं ग्रामीणों की शिकायत है कि रात भर गांव में धूल और मिट्टी फैली रहती है ग्रामीणों ने बताया कि पहले दो हफ्ते मिट्टी सरकारी रोड निर्माण के नाम पर ले जाई जा रही थी लेकिन अब पिछले हफ्ते भर से यह मिट्टी सीधे निजी प्लांटों में पहुंचाई जा रही है अवैध खनन का दूसरा और अधिक गंभीर मामला गंगा नदी के किनारे सामने आया है यहां माफियाओं ने खनन करते हुए एक खेत में लगभग 12 फुट गहरा गड्ढा खोद डाला है सूत्रों के अनुसार यह भूमि सरकारी हो सकती है जबकि ग्रामीणों ने इसे सीताराम नामक किसान की जमीन बताया है किसान की निजी जमीन हो या सरकारी 12 फुट गहरा गड्ढा खोदना अवैध खनन के पैमाने और माफियाओं के बेखौफ इरादों को दशार्ता है दो सप्ताह से लूट ग्रामीणों के अनुसार यहां से निकाली जा रही मिट्टी भी पिछले एक हफ्ते से निजी प्लांटों में जा रही है जिससे स्पष्ट है कि खनन का एकमात्र उद्देश्य अवैध व्यावसायिक लाभ कमाना है। जब इस गंभीर विषय पर जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने हमेशा की तरह गुमराह करने की कोशिश की अधिकारियों ने दावा किया कि मिट्टी सरकारी सड़कों पर जा रही है लेकिन मौके पर मोबाइल वीडियो रिकॉर्डिंग और पड़ताल से पता चला कि यह बयान सरासर झूठा है मिट्टी सीधे निजी प्लांटों में जा रही है अधिकारियों का यह टालमटोल रवैया और तहसील के जिम्मेदार अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहने की मुद्रा इस पूरे अवैध खेल में स्थानीय थाना और खनन विभाग लेखपाल की कथित मिलीभगत के गंभीर आरोपों को और पुख्ता करती है सवाल यही है कि लाखों की कीमत वाली सरकारी किसान भूमि को खोदकर बेचने की यह छूट इन माफियाओं को आखिर किस बड़े संरक्षण के दम पर मिली हुई है इस पूरे अवैध कारोबार का रात के अंधेरे में बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जो प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है और कठोर न्यायिक प्रशासनिक कार्रवाई की मांग करता है।

# परिषद ने जिले भर में मनाया समरसता दिवस

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** डाक्टर भीमराव अंबेडकर के पुण्य तिथि 6 दिसम्बर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने महा परिनिर्वाण दिवस सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मना कर जिले भर में समरसता का संदेश दिया मंझनपुर नगर के मधु वाचस्पति कान्वेंट स्कूल में आनन्दमय सार्थक छात्र जीवन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया ,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी विनय पाण्डेय ने छात्र समुदाय को सम्बोधित किया उन्होने कहा किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के संघर्ष बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा सिर्फ शिक्षा का उद्देश्य नौकरी पाना और पैसा कमाना ही नहीं होना चाहिए, उसका उद्देश्य समाज के शोषित ,वंचित की सेवा करना भी है करुणा ,दया, भाव, सेवा के बिना कोई भी शिक्षा व्यर्थ है, इस दौरान कालेज के प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की जिला संयोजक शिवांशु शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रांत प्रवासी के रूप में राष्ट्रीय कला मंच के प्रांत संयोजक अतुल कुमार ने कहा समझ में अगर कोई समरसता का भाव ला सकता है तो वह विद्यार्थी ला सकता है इसलिए छात्र शक्ति को आगे आना होगा सराय अकिल नगर के कार्यकर्ताओं ने आदर्श इंटर कॉलेज में समरसता पदयात्रा निकाली और संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें सैकड़ो छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि के रूप में ऋषभ द्विवेदी, नगर अध्यक्ष दिनेश जायसवाल, तहसील संयोजक प्रशांत मणि पाण्डेय, नगर मंत्री शौर्य पाण्डेय उपस्थित रहे पश्चिम शरीरा नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने बजरंगी इंटर कॉलेज में समरसता साइकल यात्रा निकाली जिसमें सैकड़ो छात्र उपस्थित रहे। तत्पश्चात जिला पंचायत इंटर कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें नगर अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह नगर मंत्री हर्षित जायसवाल, नगर सह मंत्री अभिषेक त्रिपाठी उपस्थित रहे। वहीं तिल्हारपुर के स्वर्गीय राम मनोहर इंटर कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नगर मंत्री शौर्य पांडेय, सह मंत्री सूरज सिंह युवराज गौतम कॉलेज के प्रधानाचार्य अनूप यादव उपस्थित रहे। जिला संयोजक शिवांशु शुक्ला ने बताया विद्यार्थी परिषद पूरे जिले भर में व्यापक स्तर पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की सोच को लेकर अभियान चला रही है ।जिसमें प्रत्येक समुदाय के लोग जोड़ रहे हैं बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए विद्यार्थी परिषद सबसे अग्रणी भूमिका में है। उन्होंने कहा हम सब भारत मां के लाल छुआछूत का कहां सवाल के मंत्र के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। पड़ोस का व्यक्ति भूखा ना सोये हुए इसकी चिंता दूसरा पड़ोसी करें। तभी हम विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ सकते हैं उन्होंने कहा समरसता दिवस विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय कार्यक्रम है।

# न्यूज झरोखा

## ऊसर बंजर सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को नायब तहसीलदार ने कराया खाली



**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के पेरई तिल्हापुर मोड़ पर ऊसर, बंजर सरकारी भूमि पर लोगो ने टीन सेट लगाकर अवैध कब्जा कर लिया था मामले की शिकायत अधिकारियों से हुई थी जिस पर अधिकारियों के निर्देश पर अवैध कब्जे की जांच कराई गई जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि सरकारी जमीन पर लोगों ने गलत तरीके से कब्जा कर लिया हैशुक्रवार को नायब तहसीलदार संजय सिंह और लेखपाल संदीप सिंह ,रबी सिंह ने मौके पर पहुंचकर पेरई तिल्हापुर मोड़ पर ऊसर, बंजर सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जा को हटवाया जिससे अवैध कब्जा करने वाले अन्य लोगों में हड़कंप मच गया।

## जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड किया प्रदान



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज तहसील दिवस मंझनपुर में आयुष्मान भारत योजना के 07 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया।जिला समन्वयक आयुष्मान भारत डॉ. ओम त्रिपाठी ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के इन लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड आज तहसील दिवस में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए कैंप में स्क्रीनिंग कर पात्रता पाए जाने पर तत्काल बनाया गया। उन्होंने बताया कि तहसील दिवस में आने वाले 16 फरियादियों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 07 फरियादी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र पाए गए, जिनका आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथ लेबिल अधिकारी अनूप वर्मा को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर किया सम्मानित



**कौशांबी** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.अमित पाल ने आज तहसील मंझनपुर में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रक्फ) कार्यक्रम के अन्तर्गत बूथ लेबिल अधिकारी के रूप में अनूप वर्मा, सहायक अध्यापक द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मंझनपुर में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिए जाने पर प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के 03 अभियुक्तों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में 26 मार्च 2022 को आधी रात में एक महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी थाना पश्चिम शरीरा पर मु0अ0सं0 54/2022 धारा 302/34 भादवि पंजीकृत हुआ जिसमें विवेचना के क्रम में साक्ष्यों के आधार पर धारा 376डी भादवि की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ। मुकदमे के सुनवाई के दौरान अदालत ने तीनों अभियुक्तों को हत्या और बलात्कार का दोषी पाया जिससे सम्बन्धित 03 अभियुक्तों मुस्ताक अली उर्फ गूंगा उर्फ बौरा पुत्र तूफान अली निवासी मौलानी का पुरवा, तुतीर्पुर थाना करारी वा दीपक पुत्र नन्दलाल निवासी विभावल थाना मऊ जनपद चित्रकूट वा भोला उर्फ देवेन्द्र पुत्र सतन निवासी अमीना थाना पश्चिम शरीरा को दिनांक 06.12.2025 को न्यायालय एएसजे/एफटीसी-द्वितीय जनपद कौशाम्बी द्वारा प्रत्येक अभियुक्त को आजीवन कारावास तथा 40,000-40,000 /- रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया तथा अभियुक्त मुस्ताक अली को मु0अ0सं0 60/22 धारा 307 भादवि व मु0अ0सं0 61/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट एवं मु0अ0सं0 62/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में 10,000 /- रु0 के अतिरिक्त अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया ।

## 50 ली0 अवैध शराब के साथ 03 गिरफ्तार

**अवैध शराब पर पुलिस में चलाया अभियान,एक कुंतल लहन कराया गया नष्ट**

**कौशाम्बी।** एसपी राजेश कुमार के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना करारी, सराय अकिल व कड़ाधाम पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध शराब बना वाले 03 लोगो को गिरफ्तार किया है पुलिस टीम ने गिरफ्तार किए गए लोगों के ल कब्जे से 50 ली0 अवैध शराब बरामद किया है,पुलिस ने 01 कुंतल लहन भी नष्ट कराया है।करारी थाना पुलिस ने 15 ली० अवैध शराब के साथ राजू पुत्र श्रीनाथ निवासी नेवारी हाल पता बरई बंधवा थाना करारी को गिरफ्तार किया है।सराय अकिल थाना पुलिस ने 20 ली० अवैध शराब के साथ इन्द्रराज पुत्र सम्बर निवासी पुरखास थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया है कड़ाधाम थाना पुलिस ने 15 ली0 अवैध शराब के साथ विश्राम पुत्र स्व० रामनिहोरे निवासी रसीदमई थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने सभी आरोपियों को लिखापढ़ी कर न्यायालय पेश किया है जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया है।

## अनुशासनहीन विद्यार्थी और उनके अभिभावक विद्यालय की साफ सफाई पर खड़ा कर रहे हैं बवाल

**कौशांबी।** जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालय में साफ सफाई करते बच्चों को देखकर अभिभावक बड़ा बवाल खड़ा कर रहे हैं सरकारी विद्यालय में साफ सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों की तैनाती नहीं की गई है गांव की सफाई में लगे सफाई कर्मियों को विद्यालय की सफाई का जिम्मा दिया गया है लेकिन जब सुबह गांव में सफाई कर्मी जाता है तो विद्यालय में ताला बंद रहता है इससे वह गांव की सफाई की औपचारिकता पूरी कर वापस लौट आता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री सहित जिला अधिकारी पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी खुद कार्यालय की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं लेकिन जब सरकारी विद्यालयों की साफ सफाई में विद्यार्थियों को लगाया जाता है तो उस पर अभिभावक बड़ा बवाल खड़ा कर रहे हैं अब सवाल उठता है कि शिक्षा देने वाले शिक्षक विद्यार्थियों से विद्यालय परिसर की यदि साफ सफाई करवा कर स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं तो वह कौन सा गुनाह कर रहे हैं जबकि पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाए जाने का निर्देश खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया है सरकारी विद्यालयों में अनुशासन का बड़ा महत्व होता है लेकिन जिस विद्यालय में साफ सफाई को लेकर के विद्यार्थी और उनके अभिभावक शिक्षकों की बात मानने के बजाय अनुशासनहीनता कर साफ सफाई पर सवाल खड़ा कर शिकायत करते हैं वह विद्यार्थी कैसे अनुशासन वान बन सकते हैं अनुशासनहीनता करने वाले बच्चे कैसे शिक्षा ग्रहण कर देश में तरक्की कर सकते हैं यह तमाम सवाल उन विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों पर खड़े हैं जो शिक्षकों के निर्देश पर साफ सफाई की व्यवस्था पर बवाल खड़ा कर रहे हैं शनिवार को फिर नेवादा विकासखंड क्षेत्र के एक विद्यालय में विद्यार्थी द्वारा साफ सफाई किए जाने के बाद बड़ा बवाल खड़ा हो गया है शिक्षक परेशान हो उठे हैं कि यदि विद्यालय की साफ सफाई नहीं करते तो स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ती दिखाई पड़ रही है अधिकारी शिक्षकों पर कार्यवाही करने की चेतावनी दे रहे हैं यदि विद्यार्थियों से सफाई करवाते हैं तो उनके अभिभावक इस पर बड़ा बवाल खड़ा कर रहे हैं सवाल उठता है कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति शिक्षण कार्य के लिए की गई है सरकारी विद्यालयों में चपरासी की कोई पोस्ट पर नियुक्ति नहीं हुई है तो फिर साफ सफाई की जिम्मेदारी विद्यालय में मौजूद शिक्षकों से लेकर विद्यार्थियों तक की ही होती है लेकिन बदलते युग में विद्यार्थी विद्यालय की साफ सफाई करने में अपने को अपमानित महसूस करता है जिससे उसकी कुंठित मानसिक मानसिकता का अंदाजा लगाया जा सकता है और जो विद्यार्थी अनुशासन हीन होगा कुंठित मानसिकता का होगा शिक्षकों की बातों पर बवाल खड़ा करेगा वह जीवन में बेहतर शिक्षा ग्रहण कर तरक्की कैसे करेगा।

## सम्पादकीय

### अर्थव्यवस्था की हालत ठीक नहीं है

**विदेशी** पूंजी की लगातार निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपया बुधवार को पहली बार 90 प्रति डॉलर के नीचे चला गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 25 पैसे टूटकर 90.21 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो इसका अब तक का सबसे निचला स्तर था, लेकिन यह गिरावट यहीं नहीं थमी, बल्कि गुरुवार को एक डॉलर की कीमत 90 रुपए 42 पैसे हो गई। 2025 में रुपया 4 से 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्राओं में शामिल हो गया है। हालांकि यह दुख की बात है मोदी सरकार अपनी इस नाकामी को न मान रही है, न उसमें सुधार के लिए कोई काम करती दिख रही है। 11 सालों में एक बार भी ऐसा नहीं हुआ कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण रुपये की कीमत में सुधार आया हो। बल्कि लगातार गिरावट ही दर्ज होती रही। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक बार कहा था कि रुपया कमजोर नहीं हो रहा, डॉलर मजबूत हो रहा है, लेकिन इस बार उनका ऐसा बेतुका तर्क भी सरकार का बचाव नहीं कर पाएगा, क्योंकि अमेरिकी डॉलर इंडेक्स तो स्थिर ही है। दरअसल भारतीय बाजार पर विदेशी निवेशकों का घटता भरोसा रुपए की गिरावट का अहम कारण बन रहा है।

बताया जा रहा है कि भारत और अमेरिका में व्यापार समझौते पर अनिश्चितता कायम रहने और रुपये की गिरावट थामने के लिए रिजर्व बैंक के आगे न आने से स्थानीय मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई। वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,642 करोड़ रुपये की बिकवाली की। इस वर्ष भारत ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेश में 16 से 18 अरब डॉलर की निकासी देखी, जबकि शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 30 अरब डॉलर के आसपास स्थिर रहा। यानी भारतीय बाजार से डॉलर अधिक निकले और निवेश कम हुए। इसके साथ ही, हर महीने वस्तु व्यापार घाटा 25-30 अरब डॉलर के बीच रहा। देश से पूंजी का बाहर जाना और आयात की मांग बढ़ना इन वजहों से रुपया कमजोर होता गया।

रुपए में यकायक कोई बड़ी गिरावट नहीं आई, यह सिलसिला कई महीनों से चल रहा है। लेकिन मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बताती रही। अभी सितंबर तिमाही 2025 में, भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8.2प्रतिशत रही है, ऐसा दावा सरकार ने किया और उस पर अपनी पीठ भी थपथपाई। लेकिन इसी दौरान रुपये का मूल्य लगभग 5 प्रतिशत गिर गया, उस पर सरकार ने कुछ नहीं कहा।

गौरतलब है कि भारत तेल, कच्चा माल, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी का आयात करता है, जिसका भुगतान डॉलर में होता है, वहीं, उच्च अमेरिकी ब्याज दरों से आकर्षित होकर वैश्विक निवेशक भारत जैसे उभरते बाजारों से पैसा बाहर निकाल रहे हैं, इससे भी डॉलर की आवश्यकता बढ़ रही है, जबकि आने वाले डॉलर की आपूर्ति घट रही है। जब डॉलर की मांग रुपये की मांग से अधिक हो जाती है, तो रुपये का मूल्य गिरना तय है। ज्यादा आयात, धीमे निर्यात और अस्थिर पूंजी प्रवाह रुपये की गिरावट का मुख्य कारण हैं।

# संचार साथी ऐप: अपेक्षा है निजता बनाम सुरक्षा के बीच संतुलन की

-ललित गर्ग-

**भारत** की लोकतांत्रिक राजनीति में एक विचित्र प्रवृत्ति विकसित होती दिख रही है, जहाँ सत्ता द्वारा उठाए गए प्रत्येक कदम को विपक्ष संदेह की दृष्टि से देखता है। संचार साथी ऐप को लेकर इन दिनों इसी प्रकार का विवाद एवं विरोध का वातावरण बना हुआ है। केंद्र सरकार की यह सोच कि हर नए स्मार्टफोन में इस ऐप को अनिवार्य किया जाए, विपक्ष ने इसे निजता एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन बताते हुए कठोर शब्दों में चुनौती दी और संसद के शीतकालीन सत्र में इसे बड़ा मुद्दा बना दिया है और इससे व्यक्ति के जीवन में सरकारी हस्तक्षेप बढने की आशंकाएं व्यक्त की है। विपक्ष ने इसे संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण व नागरिकों की निगरानी करने वाला टूल बताया। इस बहस के बीच विपक्ष को नया मुद्दा मिलते देख केंद्र सरकार ने अनिवार्य तौर पर ऐप प्री-इंस्टॉल करने का अपना फैसला वापस ले लिया। स़रकार ने स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए फिलहाल इसे स्वैच्छिक बना दिया है अर्थात जो चाहे ऐप को रखे, जो चाहे उसे हटाए। परंतु इस विवाद ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठा दिया है कि क्या हम केवल विरोध की राजनीति में वास्तविक चुनौतियों और आवश्यकताओं को भुला रहे हैं?

वास्तविकता यह है कि डिजिटल युग आज अवसरों के साथ-साथ अभूतपूर्व संकटों का भी युग है। साइबर अपराध, चोरी, जासूसी, डेटा हेरफेर, गलत सूचना, आतंकवादी नेटवर्किंग-इन सबने सुरक्षा की चुनौतियों का नया स्वरूप निर्मित किया है। संयुक्त राष्ट्र तक यह स्वीकार कर चुका है कि अगला विश्वयुद्ध यदि हुआ, तो वह साइबर मोर्चे पर भी लड़ा जाएगा। ऐसे समय में क्या किसी राष्ट्र की सरकार को निष्क्रिय खड़ा रहना चाहिए? निश्चित रूप से नहीं। इसलिए संचार साथी ऐप मात्र निगरानी का यंत्र नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिक संरक्षण एवं डिजिटल अपराध नियंत्रण की रणनीतिक आवश्यकता के रूप में उभरा है। सरकार का सही कहना था कि डिजिटल होती दुनिया में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों से नागरिकों को सुरक्षा देने के मकसद से यह पहल की गई थी। उसका कहना था कि लगातार जटिल होते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये ऐसी पहल अपरिहार्य है।

विपक्ष का विरोध इसलिए भी एकांगी है क्योंकि केवल यह निजता के सवाल पर केंद्रित है। परंतु निजता का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित, पूर्ण स्वतंत्र नहीं, बल्कि परिस्थितिनिष्ठ है। लोकतंत्र व्यक्ति को अधिकार देता है, साथ ही साझा सुरक्षा की जिम्मेदारी भी मांगता है। जब डिजिटल मंचों पर राष्ट्रीय अखंडता, आर्थिक व्यवस्था, सामरिक रहस्य और सामाजिक शांति पर संकट मंडराते हों, तो सरकार को हस्तक्षेप करना नैतिक रूप से उचित ही नहीं, बल्कि आवश्यक हो जाता है। अमेरिका, चीन, जर्मनी, ब्रिटेन-सभी देशों के पास निगरानी आधारित साइबर सुरक्षा प्रणालियाँ हैं। क्या उनकी लोकतांत्रिक संरचनाएँ इस कारण क्षीण हो गईं? नहीं, क्योंकि निगरानी और सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित किया गया। भारत को भी इसी संतुलन की आवश्यकता है। यह सही है कि किसी भी डिजिटल ऐप में निगरानी का वहनीय स्वरूप रखना चाहिए, जिससे नागरिक की व्यक्तिगत जिंदगी पर अनावश्यक हस्तक्षेप न हो। सरकार ने भी यही स्पष्ट किया है कि संचार साथी नागरिक के निजी जीवन में दखल नहीं देना चाहता, बल्कि उसे साइबर अपराध, हैकिंग, धोखाधड़ी, फजीर्वाड़ा, एवं डिजिटल आतंकवाद से बचाने हेतु काम करेगा। विडंबना यह है कि विपक्ष इस ऐप को ह्यनिष्ठा परीक्षणह्ण, ह्यमनोवैज्ञानिक निगरानीह्ण और ह्यगोपनीयता हननह्ण का




उपकरण बताकर भय पैदा कर रहा है, जबकि पूर्व में स्वयं उनकी सरकारें समान तंत्र विकसित कर चुकी हैं, चाहे वह आधार डेटा सुरक्षा हो, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल हों या राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के निगरानी प्रोटोकॉल।

सवाल यह है कि यदि अपराधी, आतंकवादी, अलगाववादी, साइबर गैंग्स संगठित डिजिटल हथियारों का उपयोग कर रहे हैं, तो क्या सामान्य नागरिकों को असुरक्षित छोड़ दिया जाए? क्या यह लोकतंत्र का तकाजा है कि सरकार देखती रहे और समाज अपराध की प्रयोगशाला बन जाए? वास्तव में यह संकट केवल भारत का नहीं, विश्व का है। आज की दुनिया में जो राष्ट्र डिजिटल नियंत्रण तंत्र विकसित नहीं करता, उसकी सुरक्षा दीवारें कागज की नाव जैसी सिद्ध होती हैं। इसलिए यह कहना कि संचार साथी ऐप अनावश्यक या दमनकारी है, वस्तुस्थिति से आंखें मूंद लेने जैसा है। निश्चित रूप से एक सवाल उठता है, क्या ऐप डेटा सुरक्षा की गारंटी देगा? यह बेहद महत्वपूर्ण प्रश्न है। सरकार को इस ऐप के उद्देश्य और डाटा संचालन नीति को पारदर्शी रूप में सार्वजनिक करना चाहिए। यदि इस पर स्वतंत्र ऑडिट हो, निजता सुरक्षा प्रावधान हों, दुरुपयोग को रोकने वाली न्यायिक निगरानी हो तो विरोध स्वतः समाप्त हो जाएगा। परंतु विपक्ष का विरोध नीतिगत सुधारों की दिशा में न होकर केवल राजनीतिक अवसरवाद प्रतीत होता है। यह भी सही है कि नागरिकों की चिंताएँ निराधार नहीं, भारत में डेटा सुरक्षा कानून अभी भी परिपक्व नहीं है, डिजिटल संरचनाएँ जवाबदेही की दृष्टि से मजबूत नहीं हैं। अतः संचार साथी के विकास के साथ-साथ देश में निजता सुरक्षा कानूनों को और अधिक कठोर, दंडात्मक एवं न्यायिक रूप से संरक्षित बनाने की आवश्यकता है।

यदि इस ऐप के कार्यों पर दृष्टि डालें तो उसके पीछे सोच यह है कि मोबाइल संचार के माध्यम से होने वाले अपराधों की पहचान, रिपोर्टिंग और ट्रैकिंग को व्यवस्थित किया जा सके। यह व्यक्ति की निगरानी का उपकरण कम और अपराध नियंत्रण की प्रणाली अधिक है। भारत में साइबर अपराधों में प्रति वर्ष 63 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की जा रही है, लाखों लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार बन रहे हैं, बैंकिंग ठगी से लेकर सोशल मीडिया मनोवैज्ञानिक अपराधों तक का दायरा बढ़ रहा है। क्या सरकार की चुप्पी इन अपराधियों को खुला मैदान नहीं दे देती? इसलिए संचार साथी जैसे कदमों का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा का विस्तार है, न कि लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का संकुचन।

कठोर सत्य यह है कि राष्ट्र केवल अधिकारों पर आधारित नहीं होते, जिम्मेदारियों और सुरक्षा तंत्रों पर भी टिके होते हैं। एक नागरिक के रूप में हम यह अपेक्षा करते हैं कि हमारा डेटा सुरक्षित हो, हमारा पैसा सुरक्षित हो, हमारा देश सुरक्षित हो परंतु जब सुरक्षा के लिए कदम उठाया जाए, तो हम विरोध में खड़े हो जाते हैं। यह राजनीतिक अधिक है, जहाँ हम एक विश्वव्यापी सिद्धांत को भूल जाते हैं कि ह्लस्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ ही टिक सकती है।ह्व इसलिए संचार साथी ऐप पर संतुलित दृष्टि ही सार्थक है। सरकार को उसकी संरचना पारदर्शी, उत्तरदायी और कानून नियंत्रित रखनी चाहिए, और विपक्ष को इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि डिजिटल भारत की सुरक्षा चुनौतियाँ केवल नारे से हल नहीं होंगी, बल्कि तकनीकी सुरक्षा तंत्रों से ही नियंत्रण संभव होगा। लोकतंत्र में आलोचना आवश्यक है, परंतु रचनात्मक आलोचना, जिसमें सुधार की मांग होती है, न कि केवल अस्वीकरण। यदि राजनीतिक वर्ग इस बहस को इसी दिशा में ले जाए, तो संचार साथी ऐप न केवल विवादित विषय रहेगा बल्कि डिजिटल सुरक्षा के लिए नागरिक-हितकारी उपकरण के रूप में स्थापित भी होगा।

निस्संदेह, आज के डिजिटल युग में व्यक्ति का डेटा बेहद महत्वपूर्ण है। जिसकी हर कीमत पर सुरक्षा की जानी चाहिए। वहीं इसके साथ ही इस बात की भी पड़ताल होनी चाहिए कि कहीं कुछ अन्य ऐप हमारे डेटा में तो सेंध नहीं लगा रहे हैं? सरकार को इससे उपभोक्ता की सुरक्षा करनी होगी। वहीं तर्क दिया जा रहा है ।

## नगर में बढ़ी सुरक्षा चौकसी: प्रशासन पुलिस की संयुक्त टीम का व्यापक गश्ती अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद अंतर्गत नगर में शांति और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार, 6 दिसम्बर को उप जिलाधिकारी (एसडीएम) डॉ. हर्षिता तिवारी के मार्गदर्शन में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने व्यापक गश्ती अभियान चलाया। टीम ने मुख्य बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और विभिन्न मोहल्लों का दौरा कर सुरक्षा की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।इस संयुक्त अभियान में क्षेत्राधिकारी (सीओ) सुधाकर पांडेय सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने रास्ते में स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उन्हें नियमों के पालन, शांति और सामंजस्य बनाए रखने की अपील की। साथ ही यह भरोसा भी दिलाया कि किसी भी प्रकार की गतिविधि जो कानून-व्यवस्था को प्रभावित करे, उसे कड़ाई से रोका जाएगा।एसडीएम डॉ. हर्षिता तिवारी ने बताया कि नगर के संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था को हर स्तर पर मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता या अव्यवस्था को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सीओ



सुधाकर पांडेय ने कहा कि पुलिस नियमित गश्त और विशेष अभियानों के माध्यम से लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और पुलिस हर समय तत्पर है।इस गश्ती अभियान से नगरवासियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास और अधिक मजबूत हुआ तथा शांति का संदेश पूरे क्षेत्र में प्रसारित हुआ।

## बुलेट की मांग से प्रताड़ित विवाहिता ने फांसी लगाई, मायके वालों पर सुलह दबाव का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। कोतवाली** क्षेत्र के औराई ब्लॉक के जहांगीराबाद गांव में शुक्रवार देर रात दहेज उत्पीड़न से परेशान विवाहिता पूजा निषाद (24) ने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव कब्जे में लिया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार सुबह मायके वालों ने ससुराल पहुंचकर पति दिलीप निषाद उर्फ भानु व उसके परिवार पर दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग, मारपीट और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। मृतका के पिता धर्मेंद्र निषाद, निवासी घोरहट (प्रयागराज), ने बताया कि शादी के बाद से ही पूजा को




लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। एक सप्ताह पहले ही वह मायके से ससुराल लौटी थी। पीछे एक वर्ष की बच्ची है। मायके पक्ष ने जबरन सुलह कराने और डेढ़ लाख रुपये मृतका की बेटी के नाम फिक्स करने का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है। पिता की तहरीर पर ससुर, सास, पति, ननद और देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है।कोतवाल शैलेश राय ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है।

## बाबा साहब,डॉक्टर भीमराव अंबेडकर,समाज वादी पार्टी द्वारा ज्ञानपुर, कार्यालय में परीनिर्वाण दिवस मनाया गया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज । समाजवादी** पार्टी द्वारा जिला कार्यालय ज्ञानपुर मे बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की परिनिर्वाण दिवस मनाया गया  जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने बाबा साहेब के मूर्ती पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा की, बाबासाहब डॉ० भीमराव अंबेडकर नाम से लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निमार्ता थे।



बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हु बाबासाहेब के मिशन को पूरा करने के लिए और विभेदों को मिटाकर समतामूलक समाज के निर्माण के लिए विभाजनकारी शक्तियों के खिलाफ हम सब एक हों।

जिलामहासचिव ह्रदय नारायण प्रजापति,पूर्व मंत्री रामकिशोर बिंद,अंजनी सरोज,राजेन्द्र दुबे सुधीर गौतम,केशनारायण यादव, लालचन्द बिंद,सुरेश साहु,सलाउद्दीन अंसारी,कमला महतो,मुन्ना खां,दानीस सिद्दीकी,सन्तोष यादव,मनोज कनौजिया,महेन्द्र गोड,महेन्द यादव,अयोध्या साहु,राजन यादव,गुलाब राईन,विधा पासी,प्रमोद पाल,जिला मिडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पप्पू आदि।

## सैदपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न , 364 शिकायतें प्राप्त, 38 का हुआ मौके पर निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जन** समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सैदपुर में अविनाश कुमार, की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा की उपस्थिति में तहसील सभागार सम्पन्न हुआ। जिसमे 63 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए मौके पर 04 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 364 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 38 शिकायत/प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में




तहसील सदर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता 30 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 06 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 21 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। कासिमाबाद तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 28 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मैके पर 05 का निस्तारण किया गया। तहसील मुहमम्दाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 72 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 12 निस्तारण किया गया। तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 95 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 03 का निस्तारण किया गया एवं तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 55 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 06 का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आम जनमानस की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कुछ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया तथा शेष शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

उन्होने कहा गया कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या उदासीनता अक्षम्य होगी।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सैदपुर, जिला विकास अधिकारी, तहसीलदर सैदपुर, क्षेत्राधिकारी सैदपुर एवं समस्त सम्बन्धित अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चुप-चोरी आई श्रमिक संहिताओं के राज

**अरविन्द मोहन**

**सबसे** ज्यादा घालमेल न्यूनतम मजदूरी तय करने के मामले में किया गया है। छह कार्यस्थितियों में कौशल की चार श्रेणी के आधार पर कुल 24 न्यूनतम मजदूरी दर का हिसाब कौन मजदूर किस तरह रख पाएगा। यह इस सदी के श्रम आंदोलन का सबसे बड़ा सवाल बनाना चाहिए। मजदूरों को मूल वेतन पर ज्यादा से ज्यादा पचास फीसदी भत्ते पाने का हद देकर यह संहिता अपनी पीठ थपथपा रही है लेकिन असल में मजदूरों के हाथ में कम पैसे मिलेंगे।

मजदूरों से जुड़ी चार संहिताओं को आये आज लगभग दो सप्ताह (इनकी अधिसूचना 21 नवंबर को हुई थी) हो गए लेकिन कहीं से इस बारे में कोई खास उत्साह या विरोध का स्वर सुनाई नहीं दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय ऋण संस्थानों की लाइन को ब्रह्मवाक्य मानने वाले हमारे कुछ कथित अर्थशास्त्रियों ने इसे 'क्रांतिकारी कहा पर उस श्रेणी वाले ज्यादातर जानकार लोग भी इन्हें अपर्याप्त बताते नजर आए। विरोध और गलत बताने वाला स्वर तो और भी गायब है। यह देश में मजदूर आंदोलन की स्थिति से भी जुड़ा है क्योंकि अब देश में सबसे बड़ा मजदूर संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा भारतीय मजदूर संघ बन गया है। उसके एक नेता ने पिछले दस वर्षों में एक भी इंडियन लेबर कांफ्रेंस न होने का रोना तो रोया लेकिन संघ ने इन बदलावों का स्वागत कर दिया है। तमिलनाडु और बंगाल जैसे राज्यों ने इन संहिताओं को न लागू करने की घोषणा की है लेकिन वहां से भी आलोचना का कोई साफ स्वर नहीं सुना गया है। लेबर कांफ्रेंस ऐसा मंच है जिसमें मालिक, मजदूर और सरकार के प्रतिनिधि साझा रूप से कानूनी मामलों की चर्चा करते हैं। वैसे यह जानना भी जरूरी है कि जब छह साल पहले इन संहिताओं को संसद से पास किया गया था(उन्हीं दिनों खेती से जुड़े तीन विवादास्पद कानून भी ये थे) तब भी विपक्ष ने संसद का बहिष्कार किया था और ये संहिताएं बिना बहस के पास हुई थीं।

अब यह संहिता शब्द आपको चुभ रहा होगा तो यह स्पष्टीकरण भी जरूरी है कि कानून या अधिनियम की जगह यह पद भी बहुत सोच समझकर लाया गया है। जिन 29 कानूनों को हटाकर इन चार संहिताओं को लाया गया है उनके खिलाफ विश्व बैंक और अंततः



मुद्रा कोष के लोग ही नहीं, देश में उदारीकरण के पैरवीकार भी काफी कुछ बोलते रहे हैं और इनको देश के औद्योगिक विकास में बाधक बताते रहे हैं। कानून में फेरबदल के लिए संसद या विधान सभाओं की मंजूरी जरूरी है और उसमें श्रमिकों के हितों की अनदेखी मुश्किल होती है। संहिता होते ही यह सुभीता हो गया है कि जिस सरकार को जरूरत लगे एक कार्यकारी आदेश से बदलाव कर सकती है। वैसे भी श्रम के समवर्ती सूची में होने के चलते इधर राज्य सरकारों ने पुराने कानूनों को हटाने और नए को लाने में पूरी उदारता बरती है। नई संहिताओं के अधिकांश बड़े प्रावधान राज्यों ने पहले ही लागू कर दिए हैं। लेकिन अब घोषित संहिताओं ने देश और दुनिया में चले लंबे श्रमिक आंदोलनों से हासिल कानूनी लाभों पर पूरा पानी फेर दिया है। यहां तक कि आठ घंटे काम करने के नियम को भी हाशिये पर ला दिया गया है। इन संहिताओं की सबसे चर्चित चीज कंपनियों के लिए मजदूरों की छंटनी करने और ठेके पर लेने के नियम आसान करना है। अब 'हायर एंड फायर' सहूलियत का लाभ लेने के लिए आपके यहां नियुक्त कर्मचारियों की संख्या सौ की जगह तीन सौ कर दी गई है। इससे देश की 90 फीसदी इकाइयां इस दायरे से बाहर चली गई हैं। और इसमें भी ठेका देने में 20 फीसदी का नियम ही नहीं खत्म किया गया है आपको एक ही काम और मजदूर को बार-बार ठेके पर रखने की छूट भी दे दी गई है। अब आप पचास फीसदी ठेका मजदूर रखकर काम करा सकते हैं। काम स्थायी प्रकृति का हो और मजदूर आपके उद्योग परिसर में ही काम करता हो तब भी ठेके पर रखने में कोई वैधानिक परेशानी नहीं है और अब इंस्पेक्टर नहीं रहे। उनकी जगह 'इंस्पेक्टर कम फेसिलिटेटर' आ जाएंगे जो आपकी मदद ही करेंगे और बारह घंटे काम कराने में कोई कानूनी परेशानी नहीं है। जबकि आठ घंटे का नियम जाने कितने संघर्ष के बाद आया है। हम पत्रकारों के अपने कानून के हिसाब से तो साढ़े छह घंटे की ड्यूटी ही पर्याप्त थी जिसमें आधे घंटे का अवकाश भी होता था।

सबसे ज्यादा घालमेल न्यूनतम मजदूरी तय करने के मामले में किया गया है। छह कार्यस्थितियों में कौशल की चार श्रेणी के आधार पर कुल 24 न्यूनतम मजदूरी दर का हिसाब कौन मजदूर किस तरह रख पाएगा। यह इस सदी के श्रम आंदोलन का सबसे बड़ा सवाल बनाना चाहिए। मजदूरों को मूल वेतन पर ज्यादा से ज्यादा पचास फीसदी भत्ते पाने का हद देकर यह संहिता अपनी पीठ थपथपा रही है लेकिन असल में मजदूरों के हाथ में कम पैसे मिलेंगे। बाकी पैसा वेलफेअर के नाम पर कटेगा और वह कब और कैसे मिलेगा इसका हिसाब भी उतना ही जटिल है जितना न्यूनतम मजदूरी का। साफ दिखाता है कि पुरानी कानूनी सुरक्षा खत्म करने के बदले मजदूरों को कुछ लाभ दिलाने का जो दिखावा किया गया है उस कमाई का ज्यादातर हिस्सा सरकार के पास जाएगा जो मजदूरों तक पैसा पहुंचने के पहले उसका सदुपयोग करेगी।

बिना बिजली वाली इकाई में अगर 40 लोग काम करते हों और बिजली वाली में 20 तो वह फैक्टरी की परिभाषा से बाहर हो जाएगा। पहले यह सीमा क्रमशः बीस और दस की थी। वे सब श्रम संहिता के दायरे से बाहर होंगे। अब बेसिक मजदूरी बढ़ाने से मजदूर खुश होंगे, सरकार का खजाना भरेगा लेकिन नियोक्ताओं पर बोझ बढ़ेगा जो अंततः उत्पाद और उपभोक्ताओं पर ही जाएगा। उल्लेखनीय है कि आज ओला/उबर और आनलाइन मार्केटिंग के हंगामे में जो करोड़ों गिग और प्लेटफार्म वर्कर बन गए हैं उनको किसी भी तरह के पेंशन, पीएफ और ऐसी स्थायी लाभ की योजनाओं से दूर रखा गया है।

# तहसील समाधान दिवस में डीएम एसपी ने सुनीं समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम-एसपी सहित अन्य पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में तहसील मऊ के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें प्राप्त कुल 102 प्रार्थना पत्रों में से सात का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण के लिए डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि बिजली, भूमि विवाद, नाला निर्माण, फसल क्षतिपूर्ति तथा चकबंदी संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित करें। स्पष्ट किया कि जन समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है तथा ऐसे में किसी भी प्रार्थना पत्र को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहने दिया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने एस.आई.आर. के तहत किए जा रहे गणना प्रपत्र वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन के कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाले शिक्षकों को प्रमाण-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों शिक्षकों में प्राथमिक विद्यालय मनकुंवर के राकेश कुमार सिंह, प्राथमिक विद्यालय कलारन पुरवा मजरा चकौर के धर्मेंद्र सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय गाहूर के पंकज कुमार, कंपोजिट विद्यालय रानीपुर कल्याणगढ़ के सत्य प्रकाश त्रिपाठी व उच्च प्राथमिक विद्यालय रूपौली के सुजीत कुमार शुक्ला शामिल रहे।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी मऊ रामऋषि रमन, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्मान, परियोजना निदेशक सतपाल यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# योजनाओं के लाभ के लिए पंजीकृत निर्माण श्रमिक करें आवेदन : आर.के.

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजना का लाभ लेने के लिये श्रमिकों का निर्माण श्रमिकों के रूप में पंजीयन होना एवं पूर्व से पंजीकृत श्रमिकों का प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। बिना पंजीकरण एवं नवीनीकरण के श्रमिक किसी भी योजना का लाभ नहीं ले सकते। साथ ही बताया कि पोर्टल में पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिन्हें पुत्री के जन्म होने पर मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना का लाभ मिला है, वह सभी लाभार्थी श्रमिक पंजाब नेशनल बैंक कर्वी में अपना बचत खाता खुलवाकर श्रम कार्यालय को विवरण उपलब्ध कराएं ताकि उनकी पुत्रियों के लिए देय 25,000 रुपये की एफडी बनवायी जा सके।

बताया कि श्रमिक जनसेवा केन्द्र के माध्यम से या स्वयं से बोर्ड के पोर्टल पर पंजीकरण व नवीनीकरण करा सकते है। बताया कि बोर्ड द्वारा निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित कन्या विवाह सहायता योजना में भी संशोधन किया गया है। जिसके तहत अब पंजीकृत निर्माण श्रमिक को अपनी पुत्री के विवाह सम्पन्न होने के छः माह के अन्दर समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित बोर्ड की वेबसाईट में आवेदन करना होगा। जिसमें सभी सम्बन्धित अभिलेखों का संलग्न होना आवश्यक है। आवेदन के बाद श्रमिक के पुत्री अथवा पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिक के स्वंय के विवाह के लिए 65000 रु की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में तथा अन्तजार्तीय विवाह के लिए 75000 रु की धनराशि एवं सामूहिक विवाह की स्थिति में न्यूनतम 11 जोडो का विवाह एक साथ एक स्थल पर आयोजित होने की दशा में पुत्री विवाह के लिए 85000 रु की धनराशि बोर्ड द्वारा आर्थिक सहायता के रूप प्रदान किये जान का प्रावधान हैं। बताया कि जनपद में जनवरी, फरवरी में सामूहिक विवाह का आयोजन होना प्रस्तावित है। जिसके लिए पात्र निर्माण श्रमिक सामूहिक विवाह में शादी के लिए आवेदन कर सकते है। इस योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकृत निर्माण श्रमिक का पंजीकरण कम से कम एक वर्ष पुराना होना चाहिए तथा आवेदन के समय उसका नवीनीकरण भी हुआ होना चाहिए।

इसके अलावा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों अध्ययनरत बच्चों को संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन सहायता के अन्तर्गत आगामी 31 दिसम्बर तक आवेदन कराने पर पढ़ने की कक्षा के अनुसार एक निश्चित धनराशि (2,500 रुपये से लेकर आगे की कक्षाओं के अनुसार) दिये जाने का प्राविधान किया गया है। बताया कि आवेदक द्वारा तथ्यों को छिपाकर या कूटरमित दस्तावेजों के आधार पर योजना का लाभ प्राप्त करने पर दी गयी धनराशि की वसूली भू-राजस्व के बकाये की भांति वसूली प्रमाण पत्र जारी करके की जायेगी। उन्होंने सभी पात्र श्रमिकों से उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण एवं नवीनीकरण कराकर बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं लाभ लें।

# नौकरी के नाम पर नगर पालिका के बाबू पर 200000 रुपये लेने का लगा आरोप

- महिला का आरोप - पति की नौकरी के लिए केदार बाबू को दिए थे दो लाख रुपये।
- ना नौकरी मिली और ना दिया हुआ रुपया, डीएम से महिला ने की शिकायत।

**बांदा।** नगर पालिका के एक बाबू पर नौकरी दिलाई जाने के नाम पर ?200000 के जाल साजी करने का आरोप पीड़ित महिला ने लगाया है महिला का आरोप है की पति की नौकरी के लिए नगर पालिका में तैनात बाबू को उसने अपने जेवर और गहने गिरवी रख करके दो लाख रुपए दिए हैं लेकिन अभी तक उसके पति को ना ही नौकरी मिली और ना दिया गया रुपया वापस मिला। महिला ने अपने परिवार के साथ पहुंचकर जिला अधिकारी बांदा से कार्यवाही करने की बात कही है। मामला बांदा शहर कोतवाली के नोनिया मोहाल की रहने वाली पूजा पत्नी कुलदीप ने आरोप लगाते हुए बताया गया है,की नगर पालिका में तैनात केदार बाबू नाम के व्यक्ति से अपने पति की नौकरी के लिए कहा था, और बाबू ने नौकरी के एवज में दो लाख रुपए की मांग की थी, जिसको पीड़ित ने किसी तरीके से गहन गिरवी रख कर के, और उधार लेकर रुपए देने की बात कही है। महिला का आरोप है कि अब नगर पालिका के बाबू के द्वारा ना पैसा दिया जा रहा है और ना ही मेरे पति की नौकरी लगवाई गई। महिला ने जिला अधिकारी बांदा से न्याय हित में कार्यवाही अपेक्षित करने की मांग की।

# जल, जंगल, जमीन से जुड़कर पर्यावरण को करना होगा संरक्षित

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** शिवरामपुर कस्बा स्थित श्री नागेश्वर प्रसाद अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि कानपुर प्रांत के तत्वाधान में एस.आई.पी. का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभाग करने वाले 50 विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व एवं उसके संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत माता सरस्वती की वंदना एवं आरती कर की गई। जिसके प्रथम सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य राज नारायण ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि से सम्बन्धित कार्यक्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। ताकि विद्यार्थी जल, जंगल, जमीन और जानवर के साथ जुड़कर के पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं। साथ ही उन्हें पेड़, पानी और पॉलिथीन से संबंधित बातें भी बताई गई। बताया कि किस प्रकार से पेड़ मानव जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण अवयव है। अगर पेड़-पौधे इस धरती से समाप्त हो जाएंगे, तो मानव जीवन भी पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। कहा कि छोटी-छोटी गतिविधियों के माध्यम से हम पेड़-पौधों का संरक्षण कर सकते हैं। बताया कि उत्सव वाटिका के माध्यम से पेड़-पौधों को संरक्षित किया जा सकता है। बताया इसके तहत किसी भी उत्सव के दिन एक पौधे को रोपित कर उसका तब तक पालन पोषण करें, जब तक कि वह स्वयं से अपना पालन-पोषण करने में सक्षम नहीं हो जाता। इसी क्रम में जल के महत्व तथा जल संरक्षण तथा पॉलिथीन से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभाव पर भी चर्चा की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अंतर्गत एस.आई.पी. कार्यक्रम की भी जानकारी दी गई। जिसके माध्यम से विद्यार्थी विद्यालय स्तर के बाद जिले स्तर तथा आगामी स्तरों तक जाकर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के लिए अपने विचारों एवं नवाचारों को समाज के सामने रख सकते है। इस दौरान विभिन्न विद्यार्थियों ने एस.आई.पी. के लिए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला संयोजक राजेश पांडेय के पास पंजीकरण भी कराया। कराया।

विद्यालय के प्रबंधक कमलकांत उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए रेणुका देवी की कहानी भी सुनाई। जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार से चिपको आंदोलन वृक्ष एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था तथा वृक्षों को बचाने के लिए कितने लोगों ने अपनी जान गवाई थी। इस दौरान आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा पौधे भी रोपित किए गए। जिनकी देखभाल व पालन-पोषण की जिम्मेदारी विद्यार्थियों ने ली। इस मौके पर डॉ श्रीकांत, प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर भरतकूप भगवान दीन आदि मौजूद रहे।

# सीएमओ ने किया मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य केन्द्र में 250 मरीजों को चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने पाया कि जननी सुरक्षा वार्ड में 05 प्रसूता लाभार्थी तथा एनबीएसयू वार्ड में 01 मरीज भर्ती था। यहां अधीक्षक डॉ हारून अपने फार्मासिस्ट, वार्ड व्याय एवं अन्य कर्मियों सहित उपस्थित पाए गए तथा डॉ अनीता सिंह एव एक स्वच्छक अनुपस्थित पाए गए। सीएमओ ने जेएसवाई वार्ड, स्टालेशन, एक्स-रे एवं पैथोलॉजी कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। पाया कि केन्द्र में औषधि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने सीएचसी के बरामदे में लगाये गये बेड़ को हटाने तथा साफ-सफाई की व्यवस्था एक सप्ताह के भीतर सही कराने के लिए अधीक्षक को कड़ी चेतावनी दी। कहा कि यदि सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान वार्ड में मिली कमियों जैसे टूटी हुई खिडकी, बेड तथा अन्य आवश्यक चीजों की मरम्मत कराने तथा वार्ड में बेकार पड़ी हुए सामग्री को कंडम कराने की कार्यवाही कराने के लिए अधीक्षक को निर्देशित किया।

इस दौरान सीएमओ ने टीका उत्सव की समस्त गतिविधियों को यू-विन पोर्टल के माध्यम से संचालित कराने तथा पूर्व में पंजीकृत सभी बच्चों का टीकाकरण की जानकारी को दर्ज करने के निर्देश दिए। कहा कि टीका उत्सव के दौरान अपंजीकृत बच्चों को पंजीकृत करते हुए उनका टीकाकरण सुनिश्चित कराएं एवं सत्र के दौरान ही उसका डाटा उसे यू-विन पोर्टल में फीड किया जाए। कहा कि टीका उत्सव के दौरान हुए टीकाकरण की समीक्षा यू-विन पोर्टल की रिपोर्ट के आधार पर नियमित रूप में करायी जाये। साथ ही टीका उत्सव की समस्त रिपोर्ट एच.एम.आई.एस. पोर्टल पर अंकित की जाये। सीएमओ ने सीएचसी के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य शत-प्रतिशत कराने तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत संचालित समस्त कार्यक्रमों के माध्यम से जनमानस अवगत कराएं ताकि ज्यादा से ज्यादा जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाओं को लाभ प्राप्त हो सके।

# जुताई से लौटते समय ट्रैक्टर पलटा, ग्रामीण किसान रामकृपाल की मौके पर मौत

**चित्रकूट।** जिले के पहाड़ी थाना क्षेत्र में तौरा गांव के पास ट्रैक्टर पलटने से 28 वर्षीय रामकृपाल पुत्र चुनवाद की दर्दनाक मौत हो गई। जुताई कर लौटते समय गनीवा-तौरा मार्ग पर ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे रामकृपाल उसके नीचे दब गया। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि रामकृपाल ही घर का सहारा था और उन्होंने ट्रैक्टर मालिक पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एडीएम व एसडीएम ने लिया डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का निरीक्षण

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार यादव व राजापुर उपजिलाधिकारी फूलचन्द्र यादव ने शनिवार को नगर पंचायत राजापुर के वार्ड नंबर छह रानी लक्ष्मी बाई नगर स्थित एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। साथ ही डोर टू डोर कचरा संग्रहण व सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। इस दौरान फटका मशीन का बेल्ट जाम पाया गया, जिसे सही कराने के लिए निर्देशित किया। प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय द्वारा कंपोस्टिंग वेस्ट का खाद टेस्टिंग के लिए लैब भेज कर उसका मानक के अनुरूप विक्रय कर निकाय की आय बढ़ाने के लिए बताया गया। साथ ही सेकेंडरी स्टोरेज के लिए जमीन चिन्हीकरण करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार, टेक्निकल असिस्टेंट शिव विजय सिंह, सफाई नायक पुट्टी लाल, नाजिर आदि मौजूद रहे।

## एक्सपोजन विजिट का हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बी.के. शर्मा व खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शशांक शेखर शुक्ला ने शनिवार को एक्सपोजर विजिट को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया। इस एक्सपोजर विजिट में 50 दिव्यांग बच्चों सहित 12 स्पेशल एजुकेटर्स एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्याम सुंदर धारकुंडी आश्रम एवं तुलसी जल प्रपात ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण किया।

# चित्रकूट चैलेंज कप के पुरुष वर्ग के प्रथम सेमीफाइनल में मैहर ने बांदा को 80 रनों से हराया



**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के सोनेपुर स्थित जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति में चल रहे नेशनल क्रिकेट टूनामेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2025 के पुरुष वर्ग के प्रथम सेमीफाइनल मैच शनिवार को मध्य प्रदेश की मैहर ने उत्तर प्रदेश की बांदा के बीच हुआ। जिसमें मैहर ने बांदा को 60 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

मैच का शुभारंभ डीआरआई के जन शिक्षण संस्थान निदेशक अनिल सिंह तथा वरिष्ठ क्रिकेटर सौरभ त्रिपाठी व अश्विनी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मैहर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आकर्ष के 55 गेंदों में बनाए गए शानदार 106, दानिश के 32 एवं रजनीश के 19 रनों के योगदान से चार विकेट खोकर 200 रनों का विशाल स्कोर बनाया। बांदा की ओर से मानस को दो एवं शशांक एवं अनुज को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ। जवाब में बांदा की टीम रवि कुमार के 30 एवं शशांक लटोरिया सहित अन्य खिलाडियों के रनों की संघर्षशील पारी के बावजूद 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर मात्र 140 रन ही बना सकी। आकर्ष सिंह को चार जबकि अनिल को दो सफलताएं प्राप्त हुई। मैच में शानदार शतक के साथ चार विकेट प्राप्त करने वाले मैहर के आकर्ष सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के अंपायर प्रवीण तिवारी व राहुल धुरिया, कमेंटेटर सर्वेश निगम व संतोष धुरिया तथा स्कोरर शशि भूषण सिंह रहे। इसी क्रम में रविवार को सद्भावना मैच जिलाधिकारी एकादशएवं नागरिक एकादश के मध्य खेला जाएगा।

# डीएम ने किया मऊ महिला पुल पहुंच मार्ग का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**मऊ, चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को मऊ सराय अकिल मार्ग महिला घाट पर निमार्णाधीन यमुना नदी सेतु के पहुंच मार्ग (कुल 2.105 किमी लम्बाई) का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराने के लिए कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था निर्माण खण्ड प्रथम लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि 400 मी. पहुंच मार्ग एवं 200 मी. अतिरिक्त पहुंच मार्ग पर डी.बी.एम. स्तर तक कार्य हो चुका है तथा शेष लम्बाई में जी.एस.बी. एवं नाली निर्माण का कार्य प्रगति पर है। बताया कि मार्ग में जल संस्थान एवं जल निगम द्वारा पूर्व में बिछायी गयी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिससे मार्ग में जल भराव हो जाता है तथा मार्ग की सतह पर गड्ढे हो गये हैं। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य के दौरान मार्ग पर स्टोन बैलास्ट भरकर मार्ग को मोटरेवल बनाए रखा जाए। साथ ही मार्ग के किनारे के अतिक्रमण को स्थानीय प्रशासन के सहयोग से हटाते हुये कार्य को निर्धारित समयसीमा मार्च 2026 तक पूर्ण कराया जाए।

# मोदी-पुतीन ने मिलकर बनाई नई रणनीति, पूरी दुनिया पर पड़ेगा बड़ा प्रभाव

**रूस**

**तेईसवीं** भारत और रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में दोनों देशों ने अपनी रस्त्रीू' ल्ल्ा ढ१५ 'ीाि र३१ ३ीू ढं१ ३ल्ली१ ३ँस्त्र को अगले दशक की जरूरतों के अनुरूप विस्तार देने के लिए कई महत्त्वपूर्ण समझौतों और कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया है। हम आपको बता दें कि दोनों नेताओं ने यह रेखांकित किया कि द्विपक्षीय संबंध वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी विश्वास और परस्पर सम्मान पर टिके हुए हैं।

हम आपको बता दें कि शिखर सम्मेलन के दौरान पंद्रह से अधिक समझौते हुए, जिनमें श्रम गतिशीलता, अनियमित प्रवासन पर नियंत्रण, स्वास्थ्य सहयोग, खाद्य सुरक्षा, ध्रुवीय जल क्षेत्रों में जहाजी विशेषज्ञ प्रशिक्षण, पोत परिवहन, खाद उर्वरक आपूर्ति, सीमा शुल्क सहयोग, डाक सेवाओं का आदान प्रदान और व्यापक मीडिया साझेदारी शामिल रही। विज्ञान, शिक्षा और मीडिया में भी बहुआयामी सहयोग को नई गति देने पर सहमति बनी।

दोनों पक्षों ने साल 2030 तक आर्थिक सहयोग के रणनीतिक क्षेत्रों का कार्यक्रम अपनाया और व्यापार को संतुलित एवं सतत बढ़ाने, भुगतान तंत्रों में राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने तथा दोनों देशों की वित्तीय संदेश प्रणाली और डिजिटल मुद्रा प्लेटफॉर्म को इंटरऑपरेबल बनाने पर बल दिया। साथ ही ऊर्जा, खनिज संसाधन, तेल गैस, परमाणु ऊर्जा और स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक साझेदारी को और मजबूत करने का भी निर्णय हुआ है।

इसके अलावा, आईएनएसटीसी, चेन्नई व्लादिवोस्तोक समुद्री मार्ग और उत्तरी समुद्री मार्ग जैसे परिवहन गलियारों को विकसित करने के लिए व्यापक सहयोग पर जोर दिया गया, जिससे एशिया यूरोप आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका और मजबूत होने की उम्मीद है। साथ ही आर्कटिक क्षेत्र में संयुक्त परियोजनाएँ तेज करने, रूस के फार ईस्ट में निवेश बढ़ाने और भारतीय कार्यबल की भागीदारी की नई संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

रक्षा सहयोग में दोनों देशों ने को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन पर आधारित आत्मनिर्भरता वाले मॉडल पर भी जोर दिया और साथ ही यह सुनिश्चित करने की दिशा में सहमति जताई कि



रूसझनिर्मित प्रणालियों के स्पेयर पार्ट्स और घटकों का निर्माण भारत में हो सके।

इसके अलावा, सांस्कृतिक और पर्यटन संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से रूस के नागरिकों के लिए तीस दिन का ई-टूरिस्ट वीजा निशुल्क देने की घोषणा की गई है।

हम आपको यह भी बता दें कि दोनों देशों ने आतंकवाद के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की आवश्यकता दोहराई और बहुपक्षीय मंचों जैसे जी20, ब्रिक्स, एससीओ और संयुक्त राष्ट्र में घनिष्ठ समन्वय जारी रखने पर सहमति जताई है।

देखा जाए तो इस बार का शिखर सम्मेलन यह साबित करता है कि भारत ऐसे दौर में है जब विश्व महाशक्तियाँ दो ध्रुवों में बंटी दिखती हैं। मगर भारत अपनी विदेश नीति को किसी भी दबाव के आगे झुकने नहीं दे रहा। साथ ही रूस और पश्चिम टकराव तथा अमेरिका और चीन प्रतिद्वंद्विता के बीच भारत जिस रणनीतिक स्वायत्तता का प्रदर्शन कर रहा है, उसी ने उसे वैश्विक संकटों में विश्वसनीय, तटस्थ और प्रभावशाली नेतृत्व की भूमिका प्रदान की है।

सबसे महत्त्वपूर्ण संकेत यह है कि भारत अपने मार्गों को खुद गढ़ रहा है, चाहे वह क्ष्ठरळ्उ हो, नॉर्दर्न सी रूट हो या चेन्नई व्लादिवोस्तोक कॉरिडोर हो। ये सभी पहलें एशिया और यूरोप आपूर्ति श्रृंखला में भारत को निर्णायक नोड के रूप में उभारती हैं और चीन की इफ्क्र जैसी परियोजनाओं को अप्रत्यक्ष चुनौती देती हैं।

इसके अलावा, ब्रिक्स के भीतर राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार और वैकल्पिक भुगतान तंत्र पर बढ़ती चर्चा, डॉलर पर निर्भर वैश्विक वित्तीय ढाँचे में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

साथ ही रक्षा और ऊर्जा जैसे भारत की दीर्घकालिक सुरक्षा के स्तंभ इस साझेदारी से स्थिर होते हैं। पश्चिमी प्रतिबंधों और भू-राजनीतिक अस्थिरताओं के दौर में रूस से ऊर्जा और रक्षा आपूर्ति की निरंतरता भारत के लिए रणनीतिक बीमा की तरह है। साथ ही यह तथ्य कि दोनों देश को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन जैसे आगे की सोच वाले मॉडल पर जा रहे हैं।

## भारत- रूस रणनीतिक सहयोग का प्रतीक

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतझरूस रणनीतिक साझेदारी को ऊर्जा, चिकित्सा, तकनीक और वैश्विक मंचों पर नई दिशा देने वाली महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं।

राष्ट्रपति पुतिन ने कहाः ह्लहम भारत के कुडनकुलम में सबसे बड़ा भारतीय परमाणु ऊर्जा संयंत्र बना रहे हैं। छह में से दो इकाइयाँ पहले ही ग्रिड से जुड़ चुकी हैं और चार निमार्णाधीन हैं। पूरी तरह से चालू होने पर, यह भारत की स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा आवश्यकताओं में एक बड़ा योगदान देगा।ह्व

कुडनकुलम परियोजना को भारतझरूस परमाणु सहयोग का सबसे बड़ा प्रतीक बताया जा रहा है, जो आने वाले वर्षों में भारत की ऊर्जा क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएगा। पुतिन ने बताया कि दोनों देश अब पारंपरिक परियोजनाओं से आगे बढ़कर उन्नत तकनीकों पर भी काम कर रहे हैं– ह्लहम चिकित्सा और कृषि में छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों, तैरते परमाणु संयंत्रों और गैर-ऊर्जा परमाणु तकनीकों की भी खोज कर रहे हैं।

स्वास्थ्य क्षेत्र में भी एक बड़ा कदम उठाते हुए पुतिन ने कहा– ह्लउन्नत भारतीय तकनीक का उपयोग करके उच्च गुणवत्ता वाली ट्यूमर-रोधी दवाओं का उत्पादन करने के लिए कलुगा क्षेत्र में एक बड़ा रूसीझभारतीय दवा संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

पुतिन ने आगे कहा कि रूसी उद्यम मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत विनिर्माण में भी भाग लेंगे।हमारे सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान लगातार बढ़ रहे हैं, और भारत में रूसी चैनल आरटी के शुभारंभ से दर्शकों को रूस को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी। रूस और भारत स्वतंत्र विदेश नीतियों का पालन करते हैं और एक अधिक न्यायसंगत और लोकतांत्रिक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के लिए ब्रिक्स और एससीओ में मिलकर काम करते हैं। हम अपनी बातचीत से संतुष्ट हैं और आश्वस्त हैं कि यह यात्रा हमारी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी।'

पुतिन के संबोधन ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारतझरूस संबंध सिर्फ रक्षा और ऊर्जा तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि परमाणु तकनीक, दवा निर्माण, मेक इन इंडिया, शिक्षा, संस्कृति और वैश्विक कूटनीति में भी नए युग की शुरुआत होने जा रही है।

# भारतीय वायु सेना की मदद से श्रीलंका में बहाल हो रहा सड़क संपर्क

**श्रीलंका**

**चक्रवात** दित्वा से हुई तबाही के बाद, भारत ऑपरेशन सागर बंधु के तहत समन्वित बचाव, चिकित्सा और राहत कार्यों के माध्यम से श्रीलंका में अपनी मानवीय सहायता जारी रखे हुए है। चक्रवात दित्वा के कारण द्वीपीय राष्ट्र में 400 से अधिक लोग मारे गए थे। सड़क संपर्क बहाल करने के लिए, भारतीय वायु सेना का एक और सी-17 ग्लोबमास्टर गुरुवार को बेली ब्रिज इकाइयों के साथ कोलंबो पहुँचा। विदेश मंत्री के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस उड़ान से इंजीनियरों और चिकित्सा विशेषज्ञों सहित 25 कर्मियों का एक दल भी पहुँचा।

यह दूसरा भारतीय वायु सेना का सी-17 ग्लोबमास्टर है जो बेली ब्रिज इकाइयों के साथ कोलंबो पहुँचा। इस बीच, बुधवार रात पहुँचे भारतीय फील्ड इंजीनियरों ने चक्रवात दित्वा के कारण क्षतिग्रस्त हुए प्रमुख मार्गों पर महत्वपूर्ण सड़क संपर्क बहाल करने का काम शुरू कर दिया है। श्रीलंका स्थित भारतीय उच्चायोग ने कहा कि बेली ब्रिज इकाइयों के साथ कल रात पहुँचे भारतीय फील्ड इंजीनियर, टोही के लिए घटनास्थल पर पहुँच गए हैं। वे अब चक्रवात दित्वा के कारण



क्षतिग्रस्त हुए प्रमुख मार्गों पर महत्वपूर्ण सड़क संपर्क बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं, जिससे जरूरतमंद समुदायों के लिए पहुँच बहाल करने में मदद मिल रही है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने कोटमाले के पास बचाव अभियान जारी रखा और जरूरतमंदों को समय पर सहायता प्रदान की।

चक्रवाती तूफान दित्वा, जिसने 28 नवंबर को श्रीलंका में दस्तक दी थी, ने पूरे श्रीलंका में भयंकर बाढ़, भारी वर्षा और भूस्खलन की स्थिति पैदा कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप कई जिलों में व्यापक विनाश हुआ है। इस संकट पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए, भारत ने प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य आपूर्ति, चिकित्सा सहायता, बचाव सहायता और अन्य आवश्यक वस्तुओं सहित तत्काल राहत पहुँचाने के लिए ऑपरेशन सागर बंधु शुरू किया है।

# अमेरिका की नई यात्रा नीतिः 'हत्यारे, जोंक' कहने वाली मंत्री के तीखे बयान के बाद 30+ देशों पर गाज गिरेगी

**अमेरिका**

**अमेरिका** में यात्रा प्रतिबंध को लेकर एक बार फिर कड़ा रुख सामने आया है। मौजूद जानकारी के अनुसार अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई वाला प्रशासन मौजूदा 19 देशों की सूची को बढ़ाकर 30 से अधिक देशों तक ले जाने की तैयारी में है। गौरतलब है कि नोएम ने सटीक संख्या और देशों के नाम बताने से इंकार किया, लेकिन यह स्पष्ट किया कि सूची 30 के आंकड़े से ऊपर जा रही है और राष्ट्रपति लगातार समीक्षा कर रहे हैं।

बता दें कि जून 2025 में जारी किए गए एग्ज़िक्यूटिव ऑर्डर के तहत अफ्रीका, मध्य पूर्व और कैरेबियन क्षेत्र के 19 देशों से प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। इन देशों पर वेटिंग क्षमता की कमी, वीजा ओवरस्टे और 'वापस आने' में जटिलताओं को मुख्य कारण माना गया था। अब प्रशासन इस नीति को और कड़ा कर रहा है, जिसमें उन देशों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिनकी सरकारें स्थिर नहीं मानी जातीं और जो यात्रियों की सही पहचान व सुरक्षा जांच में सक्षम नहीं हैं।



संदर्भ के तौर पर यह भी उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर 2025 को व्हाइट हाउस के पास हुई गोलीबारी में एक नेशनल गार्ड सदस्य की मौत और दूसरे के घायल होने के बाद सुरक्षा एजेंसियों पर दबाव और बढ़ा है। मौजूद रिपोर्टों के अनुसार हमलावर अफगान मूल का व्यक्ति था, जो 2021 में अमेरिका आया और उसे अप्रैल 2025 में शरण दी गई थी। इसी घटना ने ट्रंप प्रशासन को पिछले वेटिंग ढांचे और सुरक्षित प्रवेश नीति की पुनः जांच की दिशा में धकेला है।

गौरतलब है कि हाल ही में नोएम के तीखे बयान जिनमें उन्होंने कुछ देशों से आने वालों को ह्लहत्यारे, जोंक और जंक ह्व कहकर कठोर शब्दों का इस्तेमाल किया था ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना को जन्म दिया था। फिर भी प्रशासन की समीक्षा प्रक्रिया जारी है और राष्ट्रपति ने संकेत दिए हैं कि ह्लतीसरी दुनिया के देशोंह्व के लिए स्थायी प्रतिबंध भी विकल्पों में शामिल हैं।

फिलहाल व्हाइट हाउस या गृह सुरक्षा विभाग की ओर से सूची जारी होने की तारीख और विस्तृत मानदंड साझा नहीं किए गए हैं, लेकिन अधिकारियों का मानना है कि यह कदम सीमा सुरक्षा, प्रवास नियंत्रण और राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के अगले चरण का संकेत देने वाला है।

# सिंध प्रांत में स्कूली छात्राओं पर धर्मांतरण का दबाव बनाने का आरोप, जांच शुरू



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के सिंध प्रांत में कुछ हिंदू स्कूली छात्राओं को पढ़ाई जारी रखने के लिए कथित तौर पर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए कहा गया, जिसके बाद सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नवंबर के अंत में, सिंध के मिरपुर साक्रो में स्थित सरकारी उच्च विद्यालय की कुछ हिंदू छात्राओं के माता-पिता ने मीडिया को बताया था कि स्कूल की प्रधानाध्यापिका ने कथित रूप से हिंदू छात्राओं से कहा था कि वे अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए इस्लाम धर्म अपना लें। माता-पिता ने आरोप लगाया कि हिंदू छात्राओं को कलमा पढ़ने के लिए मजबूर किया गया और उनके धर्म का मजाक उड़ाया गया। इस आरोप के बाद आक्रोश फैल गया।

माता-पिता ने यह दावा भी किया कि इस्लाम धर्म अपनाने या कलमा पढ़ने से इनकार करने पर कुछ छात्राओं को उनके घर लौटा दिया गया। धार्मिक मामलों के राज्य मंत्री खीसो मल खील दास ने बृहस्पतिवार को संसद के उच्च सदन सीनेट को बताया कि प्रांतीय शिक्षा मंत्री ने इस मामले की जांच का आदेश दिया है।

# रक्षा, ऊर्जा और व्यापार में सहयोग देने का किया वादा

**रूस**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी, व्यापार, ऊर्जा सहयोग और भविष्य की आर्थिक रूपरेखा पर महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गईं। राष्ट्रपति पुतिन भारत आगमन पर मिले गर्मजोशी भरे स्वागत और सार्थक वार्ता के लिए भारत नेतृत्व का आभार व्यक्त करते दिखाई दिए।

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा- मैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अपने प्रिय मित्र प्रधानमंत्री मोदी और भारत की जनता को रूसी प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी भरे और सत्कारपूर्ण स्वागत के लिए धन्यवाद देता हूँ। प्रधानमंत्री मोदी के साथ रात्रिभोज पर मेरी बातचीत हमारी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के लिए बहुत उपयोगी रही। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच वर्षों से स्थापित मजबूत संवाद प्रणाली लगातार सुदृढ़ हो रही है- ह्लप्रधानमंत्री मोदी और मैंने एक घनिष्ठ कार्यकारी संवाद स्थापित किया है। हम एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान मिले थे, और हम व्यक्तिगत रूप से रूस-भारत संवाद की देखरेख कर रहे हैं।राष्ट्रपति पुतिन ने भारत-रूस व्यापारिक संबंधों में सकारात्मक प्रगति का उल्लेख किया कि पिछले वर्ष हमारे द्विपक्षीय व्यापार में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसने एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया। हम वर्तमान में अनुमान लगा रहे हैं कि इस वर्ष का व्यापार समझौता उसी प्रभावशाली स्तर पर बना रहेगा।

उन्हीं के अनुसार, दोनों देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियाँ अब स्थिर और संरचित ढांचे में आगे बढ़ रही हैं। पुतिन ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने द्विपक्षीय मुद्दों और चुनौतियों की एक महत्वपूर्ण सूची साझा की है जिन पर दोनों सरकारों को ध्यान देना चाहिए।

, और हम उन पर कार्रवाई करेंगे। भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने से इसमें मदद मिलेगी।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा बंदः हफ्तों से फंसे ट्रक, संतरे का निर्यात ठप्प

**पाकिस्तान**

**अफगानिस्तान** में माल ले जा रहे दर्जनों पाकिस्तानी ट्रक चालक प्रमुख सीमा चौकियों पर हफ़्तों से फंसे हुए हैं। ये लोग पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते गतिरोध का शिकार हैं, जिससे क्षेत्रीय व्यापार ठप हो गया है। महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों के बंद होने से सैकड़ों वाहन सीमा पार बिंदुओं पर खड़े हैं, जहाँ भोजन, धन और आश्रय से वंचित चालक विकट परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जैसा कि द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, निर्यातकों और लॉजिस्टिक्स फर्मों ने कहा कि सीमा पार परिचालन के निलंबन ने अफगानिस्तान, ईरान और मध्य एशियाई देशों को भेजे जाने वाले पाकिस्तानी किन्नू निर्यात और अन्य शिपमेंट की आवाजाही लगभग ठप कर दी है। 11 अक्टूबर से लागू सीमा बंद, पाकिस्तानी और अफगान बलों के बीच भारी झड़पों के बाद हुआ है, जो 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से सबसे गंभीर है, जब इस्लामाबाद ने काबुल पर अपने क्षेत्र से सक्रिय आतंकवादियों पर अंकुश लगाने में विफल रहने का आरोप लगाया था।

पाकिस्तान-अफगानिस्तान संयुक्त चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जुनैद मकदा ने कहा कि किन्नू निर्यातकों, मालवाहक संचालकों और लॉजिस्टिक्स फर्मों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, और जल्दी खराब होने वाला सामान सीमा चौकियों पर सड़ रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापार बंद ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हुआ है जब किन्नू का निर्यात आमतौर पर अपने मौसमी उच्च



स्तर पर पहुँच जाता है, जिससे किसानों से लेकर ट्रांसपोर्टरों तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला में वित्तीय संकट पैदा हो जाता है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, मकदा ने ईरान और मध्य एशियाई बाजारों में ईरान के माध्यम से किन्नू निर्यात को जटिल वित्तीय आवश्यकताओं से छूट देने के प्रस्ताव को ठुकराने के लिए स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान की भी आलोचना की।

पाकिस्तान ने पिछले साल 11 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के किन्नू निर्यात किए थे। फिर भी, मौजूदा संकट के कारण इस साल की कमाई घटकर 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहने की उम्मीद है। द्विपक्षीय और क्षेत्रीय माल ले जाने वाले हजारों कंटेनर पाकिस्तान भर में फंसे हुए हैं, जिससे व्यापारियों और क्लियरिंग एजेंटों को प्रति कंटेनर 150-200 अमेरिकी डॉलर का दैनिक विलंब शुल्क चुकाना पड़ रहा है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, मकदा ने अधिकारियों से इन जुमार्नें को तुरंत माफ करने का आग्रह किया और चेतावनी दी कि छोटे व्यवसाय और निर्यातक बबार्दी के कगार पर हैं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

**प्रबन्धक**

अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.: 9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# सत्ता के गलियारों से लेकर टीवी स्टूडियो तक दिख रही चिंता की लहर

**पाकिस्तान**

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा ने पाकिस्तान के सत्ता गलियारों और मीडिया स्टूडियो में ऐसी घबराहट पैदा कर दी है, जैसी किसी सैन्य टकराव से पहले होती है। इस्लामाबाद से लेकर रावलपिंडी तक, हर टेबल पर सिर्फ एक ही चर्चा है कि पुतिन भारत आए, लेकिन पाकिस्तान क्यों नहीं जाते? पाक मीडिया में यह भी चर्चा है कि भारतझरूस के बीच होने वाले रक्षा समझौते पाकिस्तान के लिए कितने बड़े खतरे साबित होंगे। देखा जाये तो पाकिस्तान की पूरी राजनीतिक और सुरक्षा व्यवस्था बेचैनी में है, मानो किसी भारी भू-राजनीतिक बदलाव का एहसास उन्हें पहले ही हो चुका हो।

पाकिस्तान को पता है कि पुतिन की यह यात्रा केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि तेल, ऊर्जा, सुरक्षा और रक्षा साझेदारी को एक नई ऊंचाई देने वाली है। र-400, र४-57 और संभावित र-500 जैसे टॉप-टियर सिस्टम पर चर्चा से पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान में खलबली मच गई है। यही कारण है कि जब पूरी दुनिया भारतझरूस साझेदारी की मजबूती पर रिपोर्ट कर रही है, तब पाकिस्तान के टीवी चैनलों पर तथाकथित ह्लएक्सपर्टह्व खुद को यह कहकर सांत्वना देते दिखाई दे रहे हैं कि ह्लकिर्गिस्तान के राष्ट्रपति आये थे, जॉर्डन के राजा आए थे, ईरान के सलाहकार आए थे'' आदि आदि। मानो इससे भारतझरूस की महाशक्ति-स्तर की साझेदारी का महत्व कम हो जाएगा।

असलियत यह है कि पाकिस्तान की बेचैनी र-500 या र४-57 की चर्चा से नहीं, बल्कि उस कड़वी सच्चाई से है कि



रूस, अमेरिका, फ्रांस, जापान और यूरोपीय संघ जैसी वैश्विक शक्तियाँ भारत को एशिया की स्थिरता का केंद्र मानती हैं और पाकिस्तान को क्षेत्रीय अस्थिरता का स्त्रोत। यही कारण है कि पाकिस्तानी पत्रकार भी अब मानने लगे हैं कि ह्लभारत अपनी सैन्य ताकत को जिस स्पीड से बढ़ा रहा है, पाकिस्तान उसके सामने दो दशक पीछे खड़ा है। भारत आज मिसाइल तकनीक, रक्षा उत्पादन, रणनीतिक साझेदारी और स्वदेशी हथियार प्रणालियों जैसे तेजस, पिनाका, अग्नि और आकाश में वह बढ़त हासिल कर चुका है, जिसकी पाकिस्तान कल्पना भी नहीं कर सकता। इसके विपरीत पाकिस्तान विदेशी सहायता, उधार और अस्थिर अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। यही गहरी असमानता पाकिस्तानी पैनलिस्टों की बौखलाहट और एंकरों की तीखी बयानबाजी में साफ झलकती है।

लेकिन पाकिस्तान की सबसे बड़ी बेचैनी किसी हथियार प्रणाली को लेकर नहीं है, उसकी नींद इसलिए उड़ गई है क्योंकि पुतिन ने भारत के मंच से आतंकवाद के खिलाफ खुली, स्पष्ट और सख्त लाइन खींच दी है। पुतिन का बयान कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में रूस पूरी तरह भारत के साथ है, पाकिस्तान के लिए भू-राजनीतिक झटका है। यह बयान लाइव कैमरे पर आया और पाकिस्तान में राजनीतिक हलकों तक इसकी गूँज सुनाई दी। पुतिन ने भारतीय मीडिया से यह भी कहा कि भारत के साथ अब वह व्यवहार नहीं किया जा सकता जो दशकों पहले किया जाता था। प्रधानमंत्री मोदी दबाव में आने वाले नेता नहीं हैं। यह संदेश सीधे-सीधे उन देशों के लिए था जो भारत को आज भी बीते युग की नजर से देखते हैं।

अब सवाल यह भी उठता है कि पुतिन पाकिस्तान क्यों नहीं जाते? देखा जाये तो इसका जवाब सरल और कड़वा दोनों है। रूस की विदेश नीति में पाकिस्तान की प्रासंगिकता लगभग शून्य है। पाकिस्तान न स्थिर अर्थव्यवस्था है, न भरोसेमंद सुरक्षा साझेदार और न ही कोई वैश्विक प्रभाव वाला देश है।